सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
गुरूवार, 27 अक्टूबर 2022
वर्ष-2-अंक 307
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## गृह मंत्रियों के दो दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हरियाणा के सूरजकुंड में आयोजित होने वाले राज्यों के गृह मंत्रियों के दो दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे। दो दिवसीय चिंतन शिविर की शुरूआत 27 अक्टूबर को होगी और यह 28 तारीख को समाप्त होगा। इसमें राज्यों के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सुरक्षा बलों के महानिदेशक भी शामिल होंगे। पीएमओ ने कहा कि गृह मंत्रियों का चिंतन शिविर प्रधानमंत्री द्वारा अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में घोषित पंच प्राण के अनुसार आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मामलों पर नीति निर्माण को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करने का एक प्रयास है। पीएमओ के मुताबिक, सहकारी संघवाद की भावना से यह शिविर केंद्र और राज्य स्तर पर विभिन्न हितधारकों के बीच योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक तालमेल लाएगा।

# नेहरू, गांधी, पटेल और बोस की विरासत को आगे बढ़ाना मेरे लिए गर्व की बात: मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली

गांधी परिवार के वफादार मानें जाने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे ने औपचारिक रूप से कांग्रेस अध्यक्ष पद की कुर्सी संभाल ली हैं। अनौपचारिक आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में देखे जाने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस प्रतिनिधियों द्वारा डाले गए 90 प्रतिशत मतों से जीत हासिल की। उन्हें 7,897 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को 1,072 वोट मिले। अब भैयादूद के दिन से मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नये अध्यक्ष होंगे।

इस अवसर पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि खड़गे से पूरी पार्टी को प्रेरणा मिलेगी और उनके नेतृत्व में कांग्रेस लगातार मजबूत होगी। सोनिया गांधी ने आगे कहा आज कांग्रेस के सामने कई चुनौतियां हैं, सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लोकतांत्रिक मूल्यों के सामने जो संकट पैदा हुआ है, उसका हम सफलतापूर्व मुकाबला करें। सोनिया गांधी ने कहा, कांग्रेस के सामने पहले भी बड़े-बड़े




## कांग्रेस के सामने कई बड़े संकट आये लेकिन पार्टी ने हार नहीं मानी: सोनिया गांधी

संकट आए हैं, लेकिन पार्टी ने कभी हार नहीं मानी है, सभी को मिलकर आगे बढ़ना है। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपनी क्षमता के अनुसार अपना कर्तव्य निभाया; इस जिम्मेदारी से मुक्त होने पर राहत महसूस कर रही हूं। सबसे बड़ा संतोष यह है कि कांग्रेस के नए अध्यक्ष बहुत अनुभवी हैं, एक सामान्य कार्यकर्ता से इतनी ऊंचाई तक पहुंचे हैं। पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि आज मेरे लिए भावुक पल है। एक मजदूर के बेटे, एक साधारण कार्यकर्ता को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। कांग्रेस की विरासत को आगे बढ़ाना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि मैंने 1969 में एक ब्लॉक कमेटी प्रमुख के रूप में यह यात्रा शुरू की थी, आज आप इसे इतनी ऊंचाइयों पर ले गए हैं। कांग्रेस की विरासत को आगे बढ़ाना मेरे लिए सौभाग्य और गौरव की बात है। खड़गे ने कहा कि महात्मा गांधी, नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना आजाद, बाबू जगजीवन राम, इंदिरा और राजीव गांधी के नेतृत्व वाली महान राजनीतिक पार्टी की जिम्मेदारी को संभालना मेरे लिए सौभाग्य और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकर्ताओं की देखभाल करना मेरा परम कर्तव्य होगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आगे कहते हैं कि हम साथ मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे, जो प्रत्येक नागरिक के लिए प्रबुद्ध, सशक्त और समान होगा। हम इस देश के संविधान को बनाए रखेंगे, सभी के अधिकारों का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वालों को हराएंगे और महंगाई, बेरोजगारी और भूखमरी से लड़ेंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तारीफ की। खड़गे ने कहा कि सोनिया गांधी हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलती हैं।

उन्होंने बलिदान की एक मिसाल कायम की है, राजनेताओं के इस युग में उनके जैसा कोई दूसरा व्यक्ति मिलना मुश्किल है। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में आगामी चुनावों के बारे में बोलते हुए खड़गे ने कहा कि जनता इन राज्यों में बदलाव चाहती है। हमें इन चुनावों में अपनी पार्टी की ताकत दिखानी होगी। अगर हम सभी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ काम करते हैं तो हम सफलता हासिल करेंगे। हम महात्मा गांधी के सैनिक हैं। हम किसी से नहीं डरते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट परखेगा गर्भपात के पहले जांचों के लिए 'उम्रसीमा' की वैधता



नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महिला के उम्र व प्रजनन अधिकारों के मामले में अहम निर्णय लिया है। इसके अनुसार अब गर्भपात से पहले होने वाली जांचों के लिए उम्र के साथ लगाए गए प्रतिबंधों की वैधता जांची जाएगी। कोर्ट ने एडवोकेट पटेल की याचिका पर सुनवाई की और संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर दिया। बता दें कि यह याचिका तीन साल पहले दायर की गई थी। उम्र को लेकर प्रतिबंध मामले में जस्टिस संजय किशन कौल और अभय एस. ओका की बेंच ने 17 अक्टूबर को केंद्र व अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया। कोर्ट में मीरा करुणा पटेल की याचिका पर सुनवाई की जा रही थी। पटेल खुद भी एडवोकेट हैं। एडवोकेट पटेल ने कहा है कि जब से याचिका दायर की गई है तब से कितने ही संशोधन हुए लेकिन एक पक्ष है जिसपर विचार करने की जरूरत है। उन्होंने धारा 4(3)(६) का हवाला दिया जो डायग्नोस्टिक तकनीक अधिनियम, 1994 के लिए है।

इस धारा के अनुसार डायग्नोस्टिक तकनीकों का इस्तेमाल केवल उन्हीं मामलों में किया जा सकेगा जिसमें गर्भवती महिला की उम्र 35 साल से अधिक हो। सितंबर में सुप्रीम कोर्ट ने ठोस फैसला दिया था और कानूनी तौर पर सभी महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात का अधिकार दिया था।

## खबर संक्षेप

### शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र के चारधामों के रूप में प्रसिद्ध मंदिरों में से एक गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार को अन्नकूट के मौके पर श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। सर्दियों में छह माह मंदिर के बंद रहने के दौरान श्रद्धालु मां गंगा की पूजा अर्चना, उनके शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव में कर सकेंगे। गंगोत्री मंदिर समिति के सूत्रों ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा की विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर के कपाट दोपहर 12:01 बजे शीतकाल तक के लिए बंद कर दिए गए।

### केरल के राज्यपाल ने वित्त मंत्री के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर वित्त मंत्री के एन बालगोपाल के खिलाफ ‘संवैधानिक रूप से उचित कार्रवाई’ करने के लिए कहा है। राज्यपाल के अनुसार वित्त मंत्री ने पद की शपथ का उल्लंघन किया था और भारत की एकता और अखंडता को कमजोर किया। खान ने 19 अक्टूबर को अपने बयानों का हवाला देते हुए बालगोपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, जो उनके अनुसार स्पष्ट रूप से राज्यपाल की छवि को खराब करने और उनके कार्यालय की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से कार्यरत हैं।

### कोरोना वायरस का नया स्वरूप आया सामने


नई दिल्ली। कर्नाटक सरकार ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में कोरोना वायरस का नया उप-स्वरूप सामने आने के बाद परामर्श जारी कर राज्य के लोगों से कोविड उपयुक्त व्यवहार अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि सर्दी, जुकाम और बुखार जैसे लक्षण होने पर नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच करवाएं और रिपोर्ट आने तक पृथकवास में रहें।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित करेगी योगी सरकार

## बच्चों के सर्वांगीण विकास पर होगा फोकस

लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए नवजात से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास की योजना बनाई है। इसमें बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के साथ ही उनकी अनौपचारिक शिक्षा जैसे प्रमुख एजेंडा को शामिल किया गया है। इसके तहत सबसे पहले सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श बनाएगी, जिसके लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शैक्षिक संस्थाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस



कड़ी में डीएम की अनुमति से आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र विकसित किए जाएंगे। गौरतलब है कि राज्यपाल ने भी आंगनबाड़ी केंद्रों को 24 प्रकार की शिक्षा से संबंधित सामग्रियों की किट उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया है।

### आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराना मुख्य उद्देश्य

शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में कुपोषण की अधिकता वाले आंगन को चिन्हित कर जनपदों में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण के अतिरिक्त उच्च शैक्षिक संस्थानों, औद्योगिक संस्थानों, अन्य संस्थान (जिलाधिकारी की अनुमति से), मण्डल स्तरीय अधिकारी व अन्य अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर 'आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र' के रूप में विकसित किया जाएगा। इन आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर कई मानकों पर 'आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र' के रुप में विकसित किया जाएगा।

## भारत जोड़ो यात्रा के तहत महाराष्ट्र में दो रैलियां आयोजित करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सात नवंबर को महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी और पार्टी ने इसके तहत राज्य में दो रैलियां आयोजित करने की योजना बनाई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माणिकराव ठाकरे ने बुधवार को ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा कि नांदेड़ में और बुलढाना जिले के शेगांव में रैलियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यात्रा नांदेड़ जिले में चार दिन रहेगी और पार्टी नेता राहुल गांधी 10 नवंबर को जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यात्रा सात नवंबर को तेलंगाना से महाराष्ट्र में नांदेड़ जिले के देगलूर में प्रवेश करेगी और पांच जिलों में 382 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद 20 नवंबर को मध्य प्रदेश पहुंचेगी।

## कट्टर ईमानदार से अब कट्टर धार्मिक बनी ‘आप’

# हिंदुस्तान में रहना होगा तो श्री गणेश कहना होगा: नरेश बालियान



नई दिल्ली

गुजरात चुनाव से ठीक पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हिंदुत्व कार्ड खेला है। सीएम केजरीवाल ने भारतीय करेंसी पर गांधीजी के साथ भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की फोटो भी लगाने की मांग की है। वहीं केजरीवाल के बयान के बाद बीजेपी हमलावर हो गई है और आप पर जमकर निशाना साध रही है। लेकिन अब इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए आप विधायक नरेश बालियान ने कहा है कि हिदुस्तान में रहना होगा तो श्री गणेश कहना होगा। आप विधायक ने ट्विट करते हुए कहा कि हिंदुस्तान में रहना होगा बीजेपी वालो को तो श्री गणेश झलक्ष्मी जी की जय बोलना होगा। सिलसिलेवार कई ट्विट्स में आप विधायक ने कहा कि अगर बीजेपी नेताओ को भगवान श्री गणेश-लक्ष्मी जी से तकलीफ नहीं है और ये सच्चे हिन्दू हैं तो खुल कर लिखे ‘जय श्री गणेश-जय लक्ष्मी माता’, नही लिखा तो समझ जाना मित्रो की ये हिन्दू विरोधी हैं।

## वोट के लिए कर रहे धर्म का ढोंग: मनोज तिवारी



नई दिल्ली। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर देश की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए नोटों पर भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की छवियों को शामिल करने की केंद्र से उनकी अपील पर जमकर निशाना साधा। एक संवाददाता सम्मेलन में तिवारी ने आरोप लगाया कि आप नेताओं ने अतीत में हिंदू देवी-देवताओं को गाली दी है। उनकी (आप) पार्टी के नेताओं, पार्टी की गुजरात राज्य इकाई के अध्यक्ष और आप के मंत्रियों ने हिंदू देवी-देवताओं को गाली दी है और बहुत कुछ कहा है लेकिन वे अभी भी उनकी पार्टी में हैं। अब वे आगामी चुनावों में क्या करेंगे? इसलिए अपना चेहरा बचाने के लिए ये नए-नए षडयंत्र लेकर आ रहे हैं। तिवारी ने कहा कि जिन लोगों ने राम मंदिर पर आपत्ति जताई, वे नया मुखौटा लेकर आए हैं।

# राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु को युद्ध में परमाणु हथियारों के उपयोग के खिलाफ किया सचेत

## किसी भी पक्ष को परमाणु विकल्प का सहारा नहीं लेने के लिए कहा

नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध आठ महीने के बाद भी जारी है। इस बीच दोनों देश कूटनीति स्तर दुनिया के अलग-अलग देशों से संपर्क कर रहे हैं। इसी कड़ी में रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने गुरुवार को भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से कहा कि यूक्रेन विवाद को बातचीत और कूटनीति से सुलझाया जाना चाहिए और किसी भी पक्ष को परमाणु विकल्प का सहारा नहीं लेना चाहिए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि टेलीफोन पर हुई बातचीत में शोइगू ने राजनाथ सिंह को यूक्रेन की



उभरती स्थिति के बारे में जानकारी दी, जिसमें 'डर्टी बम' के इस्तेमाल से उकसावे की संभावना के बारे में उनकी चिंताएं भी शामिल थीं। रूस और यूक्रेन के बीच शत्रुता बढ़ने के बीच रूसी रक्षा मंत्री की पहल पर यह बातचीत हुई।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि राजनाथ सिंह ने संघर्ष के जल्द समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर चलने की जरूरत पर भारत के रुख को दोहराया।

उसने कहा कि किसी भी पक्ष को परमाणु विकल्प का सहारा नहीं लेना चाहिए क्योंकि परमाणु या रेडियोलाजिकल हथियारों के इस्तेमाल की संभावना मानवता के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। इसमें कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के साथ-साथ यूक्रेन में बिगड़ती स्थिति पर भी चर्चा की।

## जयशंकर से प्रभावित यूएई के मंत्री, बांधे तारीफों के पुल

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात ने भारत के विदेश मंत्री की खूब तारीफ की। वहां के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के राज्य मंत्री उमर सुल्तान अल ओलामा ने बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर की सराहना की। भूराजनीति की जंग में वैश्विक मंच पर भारतीय विदेश नीति को जयशंकर ने जिस तरह पेश किया है उससे वे प्रभावित हैं। भारत, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात मिलकर कर सकते हैं काम उमर सुल्तान अल ओलामा ने कहा कि यदि वअए भारत के साथ काम करता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि यह अमेरिका के साथ काम नहीं कर सकता है। 'हम तीनों मिलकर एक साथ काम कर सकते हैं।

## मोदी के पीएम बनने के बाद देश की धर्मनिरपेक्षता खत्म हो गई: महबूबा

जम्मू। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने केंद्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने मोदी सरकार पर देश की धर्मनिरपेक्षता खत्म करने का आरोप लगाया है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले तक भारत धर्मनिरपेक्ष देश था। पहले एक सिख प्रधानमंत्री बन सकता था। अब देश की धर्मनिरपेक्षता खत्म हो गई। हम भारत के लिए गोडसे मॉडल नहीं चाहते हैं। मोदी ने गुजरात मॉडल लागू कर दिया। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि वे लोगों को बोलते थे कि 370 खत्म हो जाएगा। आपका मसला सॉल्व हो जाएगा क्या मसला खत्म हो गया। आज तो सबसे ज्यादा बबार्दी जम्मू में है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने ऋषि सनक के यूनाइटेड किंगडम के नए प्रधान मंत्री बनने की सराहना करते हुए भारत की केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर कहा, ‘गर्व का क्षण है कि यूके का अपना पहला भारतीय मूल का पीएम होगा।

# गैर मान्यता प्राप्त मदरसे नहीं बनना चाहते बोझ फिर दखल क्यों: मायावती

लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने एक बार फिर यूपी में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोला है। बसपा प्रमुख ने कहा कि गरीब बच्चों को तालीम देने में लगे गैर सरकारी मदरसों में सरकार क्यों दखल दे रही है। बसपा प्रमुख ने ट्वीट कर कहा कि, 'यूपी सरकार द्वारा विशेष टीम गठित करके लोगों के चन्दों पर आश्रित प्राइवेट मदरसों के बहुचर्चित सर्वे का काम पूरा, जिसके अनुसार 7,500 से अधिक गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे गरीब बच्चों को तालीम देने में लगे हैं। ये गैर सरकारी मदरसे सरकार पर बोझ नहीं बनना चाहते तो फिर इनमें दखल क्यों?' इतना ही नहीं मायावती ने यह भी कहा कि?, 'जबकि सरकारी मदरसा बोर्ड के मदरसों के टीचर व स्टाफ के वेतन आदि के लिए बजट प्रावधान हेतु खास तौर से सर्वे कराया जाता है, तो क्या यूपी सरकार इन प्राइवेट मदरसों को



अनुदान सूची में शामिल करके उन्हें सरकारी मदरसा बनाएगी? बीएसपी सरकार ने 100 मदरसों को यूपी बोर्ड में शामिल किया था।'

बसपा सुप्रीमों कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार ने मदरसा आधुनिकीकरण के नाम पर वहां के छात्रों को उनकी पसंद की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने के बजाय उन्हें ड्राइविंग, मैकेनिक, कारपेन्टर आदि की ट्रेनिंग के जरिए छात्रों की तालीम व उन मदरसों का भी अपमान किया और अब आगे देखिए बीजेपी सरकार में उनका क्या होता है?

दखल

# सड़क हादसे और चुनौतियां



सड़क हादसों में होने वाली मौतें और अपंगता की बढ़ती संख्या ने यह सोचने पर विवश किया है कि क्या विकास की धुरी मानी जानी वाली सड़कें मौत का प्रमुख कारण और जगह बनती जा रही हैं? जिस सड़क से सारा यातायात संचालित होता है, क्या वे जीवन छीनने का कारण बनती जा रही हैं? सड़कें अर्थव्यवस्था की वृद्धि की आधार हैं, तो क्या सड़कों पर हो रही मौतें अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं पहुंचा रही हैं?

**कुछ** सालों में केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क सुरक्षा संबंधी उपाय किए हैं। उनमें सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्रोत्साहित करना, जागरूकता पैदा करना, सुरक्षा कानूनों का प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा सूचना का डेटाबेस तैयार करना जैसे उपाय शामिल हैं। इसके कुछ सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। मगर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने इन सारे उपायों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। वजह है कि इन उपायों का पालन ठीक से नहीं कराया जा रहा है। कठोर कानून होने के बावजूद लोगों को भय नहीं सताता, जिसका परिणाम प्रतिदिन सैकड़ों सड़क हादसों के रूप में सामने आता है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के मकसद से 2019 में मोटर वाहन अधिनियम को बेहद कठोर बना दिया गया। साथ ही, वाहन सुरक्षा के लिए नए तकनीकी मानक भी लागू किए गए। इसके बावजूद यातायात नियमों का सरेआम उल्लंघन किया जाता है।

सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। देखा गया है कि गड्ढे वाली और टूटी-फूटी सड़कों पर लापरवाही या जानबूझ कर गलत तरीके से वाहन चलाने से हुई दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लेता। शहरों में लालबत्ती पार करने, अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाने और आगे निकलने की प्रवृत्ति आम है। यह दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। इससे सैकड़ों लोग घायल होते और मरते हैं। इसमें यातायात पुलिस की लापरवाही भी कम जिम्मेदार नहीं है। वहीं हादसा होने के बाद घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में हुई देरी घायल व्यक्ति की मौत का बड़ा कारण है, मगर आम लोग घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे नहीं आते। राज्य सरकार की तरफ से घायल को तत्काल चिकित्सा और राहत पहुंचाने वाली सुविधाएं भारत में बहुत कम हैं। इससे भी घायल व्यक्ति की मौत असमय हो जाती है। एक सर्वेक्षण के अनुसार दोपहिया वाहनों पर दुर्घटना का शिकार होने वाले 75 फीसद लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं करते।

देश में सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण गुणवत्तापूर्ण ड्राइविंग स्कूलों की बेहद कमी भी है। आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली 80 फीसद मौतों के लिए वाहन के चालक प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होते हैं। यह विडंबना ही कही जाएगी कि जो सुझाव सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात विशेषज्ञों द्वारा दिए जाते रहे हैं उन्हें मुस्तैदी के साथ पालन कराने के लिए यातायात पुलिस कुछ दिन तो काम करती है, लेकिन धीरे-धीरे फिर वही पुराना ढर्रा कायम हो जाता है। वरना क्या कारण है कि भारत में ही सबसे अधिक सड़क हादसे होते हैं? हाल में केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की खास वजह तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना और सड़क नियमों का पालन न करना है। गौरतलब है कि साल 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2011 से 2020 के दशक को 'सड़क सुरक्षा पर सहमति का दशक' घोषित किया था। उसका असर दुनिया के देशों में तो हुआ, लेकिन भारत में कोई असर दिखाई नहीं दिया। पिछले एक दशक में सड़क दुर्घटनाएं कम होने के बजाय बढ़ती गई हैं। चीन के बाद सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुर्घटनाओं में 12.42 प्रतिशत प्रतिवर्ष तथा सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौतों में 29.16 फीसद प्रति वर्ष की दर से वृद्धि हो रही है। ये आंकड़े सरकारी हैं।

गैर-सरकारी आंकड़ों में मौतों का आंकड़ा इससे पांच गुना ज्यादा है। आंकड़े के मुताबिक दुनिया में बारह लाख से ज्यादा लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं, जबकि इससे पांच गुना से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं, जिनमें ज्यादातर अपंग हो जाते हैं। इनमें युवाओं की तादाद तीन चौथाई से ज्यादा है। विश्व के कुल वाहनों का महज दो फीसद भारत में हैं, पर सड़क हादसों में होने वाली मौतें बारह फीसद से ज्यादा हैं। दुनिया के तमाम देशों ने अपने कड़े सड़क कानून और जनजागरूकता अभियानों के जरिए सड़क हादसों में वृद्धि नहीं होने दी, लेकिन पिछले बीस सालों में सड़क दुर्घटनाओं की वजह से भारत में 75 फीसद से ज्यादा की वृद्धि हो चुकी है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत में कितना सड़क कानूनों का पालन किया और कराया जाता है। सड़क सुरक्षा पर जारी की गई विश्व स्थिति रिपोर्ट ने सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामले की मुख्य पांच वजहें बताई हैं।

सीमा से ज्यादा तेज गाड़ी चलाना, नशे में गाड़ी चलाना, सुरक्षा पेटी न बांधना, दोपहिया चलाते वक्त हेलमेट न पहनना और बच्चों की सुरक्षा के उपायों की अनदेखी शामिल है। गौरतलब है कि जिस रफ्तार से विकास का आधार मानी जाने वाली सड़कों का निर्माण हो रहा है, उस अनुपात में सड़क सुरक्षा के उपाय न होने की वजह से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। यह भी सच है कि वाहन चालक सड़क यातायात नियमों का पालन भी नहीं करते। इसी वजह से देश में हर साल एक लाख 55 हजार लोगों की मौत सड़क हादसों में हो जाती है। यानी रोजाना 455 लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं। पिछले दस सालों में देश में सड़कों और हाइवे का तेजी से जाल बिछा है। इससे जहां तरक्की के रास्ते खुले हैं, वहीं सड़क हादसों में हो रही मौतों ने कई सवाल खड़े किए हैं। आकड़ों के मुताबिक आम सड़कों की तुलना में राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौतें ज्यादा हो रही हैं। राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान ब्यूरो के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग कुल सड़कों का महज 1.58 फीसद है और सड़क दुर्घटनाओं में हुई कुल मौतों का 27.5 फीसद इन पर होती हैं। इसी तरह राज्य हाइवे में देश की कुल सड़कों का महज 3.28 फीसद है, लेकिन कुल सड़क दुर्घटनाओं में इसका हिस्सा 25.2 फीसद है और कुल मौतों में 32.6 फीसद।

इस तरह राष्ट्रीय और राज्य हाइवे को मिलाकर महज 4.86 फीसद होता है, लेकिन दुर्घटनाओं के मामले में यह 52.7 फीसद है और कुल होने वाली मौतों में इसकी हिस्सेदारी तकरीबन 60.1 फीसद है। सड़क सुरक्षा के मानकों का महत्व समझना और समझाना दोनों है, क्योंकि देश में सड़क नेटवर्क का तेजी से हो रहे विस्तार, गाड़ियों की संख्या में हो रही वृद्धि और शहरीकरण का नकारात्मक पक्ष सड़क दुर्घटनाओं के रूप में सामने आ चुका है। सड़क हादसों में होने वाली मौतें और अपंगता की बढ़ती संख्या ने यह सोचने पर विवश किया है कि क्या विकास की धुरी मानी जानी वाली सड़कें मौत का प्रमुख कारण और जगह बनती जा रही हैं? जिस सड़क से सारा यातायात संचालित होता है, क्या वे जीवन छीनने का कारण बनती जा रही हैं? सड़कें अर्थव्यवस्था की वृद्धि की आधार हैं, तो क्या सड़कों पर हो रही मौतें अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं पहुंचा रही हैं?

सवाल है कि क्या सड़क हादसों में होने वाली मौतों को रोका या कम किया जा सकता है? दरअसल, जिस तरह देश-समाज की सुरक्षा वाले कानूनों का पालन दिखावा बन कर रह गया है वैसे ही यातायात नियमों की अनदेखी प्रवृत्ति बन गई है। यातायात नियमों का पालन, वाहन को नियंत्रित सीमा में रखना, पैदल यात्रियों का सड़क पार करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतना, सड़कों को मानक रूप में बेहतर बनाए रखना और 'ओवरटेक' करने से बचना जरूरी है। सड़क सुरक्षा सप्ताहों में जिस तरह पुलिस यातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक और बाध्य करती है, वैसी जागरूकता हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाए, तो हादसों में कमी लाई जा सकती है।

**अखिलेश आर्येंदु**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# जैव विविधता पर मंडराता खतरा

**हाल** ही में वर्ल्ड वाइड फंड फार नेचर याने डब्लू डब्लू डब्लूएफ की ताजा रिपोर्ट के आंकड़े भयभीत करने वाले हैं। 13 अक्टूबर को जारी हुई लिविंग प्लेनेट रिपोंट 2022 नामक इस दस्तावेज में कहा गया है कि सबसे अधिक, विलुप्त लगभग 94 प्रतिशत नुक्सान दक्षिणी अमेरिकी(लैटिन अमेरिकी) और कैरेबियाई देशों में हुआ है। अफ्रीका में 66 फीसदी व एशियाई क्षेत्रों में 55 फीसदी प्रजातियों विलुप्त हुई हैं। इस रिपोंट में कहा गया है दुनिया 1970 से अब तक 69 प्रतिशत वन्य जीव जंतुओं का इस धरती से खात्मा हो गया है। वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित संस्थान का मानना है कि जंगल में रहने वाली कई जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियां प्रतिवर्ष 2.5 प्रतिवर्ष की दर से कम हो रही हैं। दरअसल लिविंग प्लेनेट इंडेक्स एक किस्म की सूची है जिसमें दुनिया भर में पायी जाने वाली 5230 प्रजातियों की लगभग 32000 आबादी शामिल हैं।

अपनी तरह का विशिष्ट यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो विश्वभर की जैवविविधताओं को लेकर समय-समय पर एक गंभीर रिसर्च बेस्ड स्टडी है। रिपोर्ट ने यह भी बताया है कि दिखाया कि विश्व भर में उष्णकटिबंधीय इलाकों में कशेरुक वन्य जीवों आबादी विशेष रूप से घट रही है। जलवायु परिवर्तन के लगातार बढ़ते खतरों से अकेले भारत में ही पाए जाने वाले 12 प्रतिशत स्तनधारी जीव और तीन फीसदी पक्षियों की प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। हमारे देश में मौजूद लगभग 19 फीसद उभयचर (पानी और जमीन दोनों में रहने वाले जीव) जीव जबरदस्त खतरे में हैं। पिछले कुछ सालों में कई ऐसे रिसर्च सामने आए हैं जो जलवायु परिवर्तन से जैव विविधता पर पड़ रहे बुरे प्रभावों की ओर ध्यान खींचते हैं। जलवायु परिवर्तन से सीधे तौर पर धरती पर तापमान में असंभावित वृद्धि हो रही है।

साल दर साल यह सिलसिला जारी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बहुत से जीव-जंतुओं की प्रजनन क्षमता पर बढ़ते तापमान का व्यापक असर पड़ा है। कई जीवों में ग्लोबल वार्मिंग के कारण बांझपन के मामले बढ़ गए हैं। बीते साल यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल के इकोलाजिस्ट ने एक स्टडी में बताया कि तापमान बढ़ने से कई प्रजातियों के नरों में बांझपन बढ़ा दिया है। एक लोकप्रिय कथन है कि मनुष्य के अतिरिक्त धरती पर मौजूद सभी जीवित इकाइयां प्रकृति को बहुत कम नुक्सान पहुंचाती हैं। आमतौर पर हम सभी ने पिछले 20-30 सालों में आसपास की बहुत सी जीव और वनस्पतियों की प्रजातियों को खत्म होते देखा है। आज गौरैया समेत कई किस्म की घरेलू चिड़िया, तितलियां और कई छोटी-मोटी वनस्पतियां नहीं दिखती हैं। चूंकि पारिस्थितिक तंत्र गड़बड़ा गए हैं इसलिए ये जीव या पौधे गायब हो गए हैं।



वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 1970 के बाद से 69 प्रतिशत जैव-वनस्पतियों की प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। जलवायु परिवर्तन इसका एक बड़ा कारण है। हम मनुष्यों को प्रकति को संवारने व वातावरण को अनुकूल बनाए रखने के लिए संसाधनों के दोहन के बजाए संरक्षण की तरफ ज्यादा ध्यान देना होगा।

जैवविविधता खतरनाक तरीके से संकट की ओर बढ़ रही है। हाल में हुई कई रिसर्च स्टडीज इस कथन को सही साबित भी करती हैं। पर्यावरण और पारिस्थितिक तंत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि धरती पर अब मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया है। इससे वनस्पतियों के जीवन पर संकट बढ़ गया है। पारिस्थितिक तंत्र के गड़बड़ाने से सीधा असर जलवायु चक्र पर भी पड़ा है। और दरअसल जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया का असंतुलित होना ही अपने आप में एक बहुत बड़ा वैश्विक संकट है। यह कहना बिल्कुल सही है कि इसके लिए मानवीय गतिविधियां जिम्मेदार हैं। लगातार बढ़ते अलग-अलग किस्म के प्रदूषणों का दुष्प्रभाव इंसान समेत धरती के समस्त जीव-जंतुओं पर पड़ रहा है। कहना मुनासिब होगा कि जलवायु परिवर्तन के कारण धरती पर महाविनाश के हालात बन सकते हैं।

ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से दुनिया के महासागरों का ताप भी बढ़ रहा है। ध्रुवों पर जमी बर्फ पिघल रही है। इन तमाम परिस्थितियों को देखते हुए वैज्ञानिकों का मत है कि आने वाली कुछ सदियों में विनाश की ऐसी स्थिति आ सकती है। कुछ साल पहले कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च टीम ने दुनिया के 170 से अधिक देशों में 1960 के बाद से मौजूद जलवायु परिवर्तन संबंधी आंकड़ों के अध्ययन के आधार पर रिपोर्ट तैयार की। वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि पृथ्वी पर महज डेढ़ डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की स्थिति में मानव के अस्तित्व पर खतरे उत्पन्न हो जाएंगे। उन्होंने यह आकलन करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित होने वाले देशों की अर्थव्यवस्थाएं चरमरा सकती हैं। अब पूरी दुनिया के वैज्ञानिक इस बात पर लगभग एकमत हैं कि हमारी धरती के लगातार बढ़ते तापमान से ग्लेशियरों का पिघलना लगातार जारी है। इससे अनेक देशों में जलवायु चक्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

किसी इलाके में कई देश लंबे सूखे को झेल रहे हैं तो कई मुल्कों में अतिवृष्टि से लगातार बाढ़ के हालातों से लोग परेशान हैं। इससे वहां की जैवविविधताएं जबरदस्त रूप से तहस-नहस हुई है। अध्ययन बताते हैं कि पिछली एक सदी में समुद्री जल स्तर लगभग आठ इंच बढ़ गया है। इससे दुनियाभर में समुद्र तटीय इलाकों की इकालोजी गड़बड़ा रही है। समुद्री तट वाले कई शहरों का बहुत बड़ा इलाका समुद्र में समा गया है। कुछ साल पहले मेंढकों की लगातार घटती आबादी एक बड़ी चिंता का विषय बन गई थी। हमारी खाद्य श्रृंखला में मेंढक जैसे उभयचर जीव एक महत्वपूर्ण कड़ी बने हैं। अकेले मेंढकों के कम होने से ही कई तरह के कीट-पतंगे जिसमें मच्छरों की कई प्रजातियां शामिल हैं, अप्रत्याशित रूप से बढ़ सकती हैं। इसके अपने नुक्सान हैं। इस रिपोर्ट में में बताया गया है कि पानी, हवा और भूमि पर पाए जाने वाले सभी छोटे-बड़े जीवों पर खतरा समान रूप से बढ़ा है।

हमें यह समझना होगा कि प्रकृति में मौजूद हर जीव-वनस्पति का अपना महत्व है। अब वक्त आ गया है जब हमें जलवायु परिवर्तन की भविष्यवाणियों तथा अध्ययनों के निष्कर्षों को गंभीरता से लेना चाहिए। यूनाइटेड नेशंस के राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय के अनुसार 1998 से लेकर 2017 तक की अपधि में पूरी दुनिया को जलवायु परिवर्तन के कारण तीन लाख करोड़ डॉलर की क्षति हुई है। हमारे देश में भी इस समयावधि में अनेक प्राकृतिक आपदाओं से लगभग आठ हजार करोड़ डॉलर का नुक्सान हुआ है। हम मनुष्यों को प्रकति को संवारने व वातावरण को अनुकूल बनाए रखने के लिए संसाधनों के दोहन के बजाए संरक्षण की तरफ ज्यादा ध्यान देना होगा।

हमारा वजूद प्रकृति से है। हमें प्राकृतिक संसाधनों के संतुलन की दिशा में तुरंत कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। वक्त रहते ऐसा नहीं हुआ तो कहीं विलुप्ति का संकट मानव प्रजाति पर न आ जाए। हमें याद रखने की जरूरत होनी चाहिए कि जैव विविधता की समृद्धि ही धरती को रहने तथा जीवन यापन के योग्य बनाती है किंतु विडंबना है कि निरंतर बढ़ते प्रदूषण रूपी राक्षस वातावरण पर इतना खतरनाक प्रभाव डाल रहा है कि अब जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियां धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं।

**संदीप भट्ट**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# सुनक से ब्रिटेन को काफी उम्मीदें

टैक्स–कटौती के लुभावने वादों के बजाय महंगाई को कम करने और अर्थव्यवस्था को बेहतर स्थिति में लाने की अपनी रणनीतिक की बदौलत ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने हैं। सुनक के पीएम बनने के बाद भारत से रिश्ते और भी मजबूत होने वाले हैं।




दीपावली के मौके पर भारत को एक और बड़ा दिवाली गिफ्ट मिला है। ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चुने गए हैं। ऐसा पहली बार है जब कोई भारतीय मूल का नागरिक ब्रिटेन का पीएम चुना गया है। मंगलवार को सुनक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाल भी चुके हैं। ऋषि सुनक को आधे से भी ज्यादा ब्रिटिश सांसदों ने कंजर्वेटिव पार्टी का समर्थन मिला है। सुनक बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद से ही प्रधानमंत्री पद की रेस में थे, लेकिन लिज ट्रस के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बाद में ट्रस को इस्तीफा देना पड़ा और इसके बाद फिर से सुनक ने पीएम पद पर दावेदारी पेश की और प्रधानमंत्री बन गए। ऋषि सुनक वित्तीय मसलों पर भी अच्छी समझ रखते हैं। असल में वह पूर्व में वित्त मंत्री रहे हैं। महज 45 दिन तक सत्ता में रहीं लिज सबसे कम समय तक पीएम पद पर रहने वालीं ब्रिटेन की पीएम बनीं।

ट्रस टैक्स कटौती का चुनाव वादा करके ही सितंबर की शुरुआत में पीएम बनीं थीं। हालांकि जब 23 सितंबर को वह मिनी बजट लाईं तो उसमें किए गए प्रावधानों ने वित्तीय बाजार में ऐसी हलचल मचाई कि ट्रस को वित्ती मंत्री को ही बर्खास्त करना पड़ा। पीएम पद के चुनाव में उन्होंने ट्रस को कड़ी टक्कर दी थी। ब्रिटेन में हालिया पीएम पद के चुनाव में आम आदमी पर से महंगाई के दबाव को कम करना बहुत बड़ा अजेंडा बन गया था। ऐसे में लुभावने वादे कर लिज ट्रस पीएम तो बन गईं मगर उनका ऐक्शन प्लान फेल हो गया। अब सुनक आम जनता को इस सबसे कैसे उबारते हैं, यह देखना होगा। सुनक ने ट्वीट किया है कि हमारे सामने और बड़ी चुनौतियां हैं। लेकिन यदि हम सही चुनाव करते हैं तो अवसर असाधारण हैं। मेरा काम करने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, हमारे सामने जो सबसे बड़ी समस्याएं हैं, उनसे निपटने की स्पष्ट योजना है और मैं 2019 के घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करूंगा।

ब्रिटेन की सत्ता के शीर्ष पर बैठने वाले सुनक पहले ऐसे पीएम हैं जिनकी जड़ें भारत से जुड़ी हैं और जो हिंदू हैं। उनके दादा–दादी पंजाब से थे और 1960 के दशक में वे पूर्वी अफ्रीका से पलायन कर ब्रिटेन आए थे। सुनक के पिता एक डॉक्टर थे और उनकी मां एक फार्मेसी चलाती थीं। ऑक्सफोर्ड और स्टैनफोर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में पढ़ाई से पहले सुनक भारतीय रेस्तरां में वेटर के तौर पर काम करते थे। अंग्रेजी के अलावा ऋषि हिंदी और पंजाबी भाषा भी जानते हैं। ऋषि सुनक हिंदू हैं और अपनी धार्मिक पहचान को लेकर वह काफी मुखर रहते हैं। वह नियमित रूप से मंदिर जाते हैं और उनके बेटियों, अनुष्का और कृष्णा, की जड़ें भी भारतीय संस्कृति से जुड़ी हैं। सुनक जब सांसद बने थे तब उन्होंने भगवत गीता की शपथ ली थी। अब ब्रिटेन को उम्मीदें हैं कि पूर्व वित्त मंत्री सुनक उनके देश में अच्छे दिन लेकर आएंगे और कोरोना महामारी के बाद से संकट में फंसा ब्रिटेन जल्द ही फिर से मजबूत स्थिति में आएगा।

## ट्विटर




भारतीय मूल के ऋषि सुनक का ब्रिटेन का प्रधानमंत्री चुना जाना अभूतपूर्व है। सुनक का ब्रिटिश पीएम बनना आश्चर्यजनक और मील का पत्थर है।

**जो बाइडेन, राष्ट्रपति अमेरिका**



मैंने 10 साल पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी कि एक दिन भारतीय मूल का कोई व्यक्ति ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनेगा। आज मेरी बात सच साबित हो गई है।

**डेविड कैमरन, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री**



सत्यार्थ

# पांडव सेना का उत्साह



कौरव और पांडवों का युद्ध शुरू होने वाला था। कौरव पक्ष में भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कर्ण, अश्वत्थामा, श्रीकृष्ण की अजेय नारायणी सेना और कई महारथी थे। दूसरी ओर पांडवों की सेना में पांचों पांडवों और कुछ ही महारथी थे। श्रीकृष्ण अर्जुन के सारथी बने थे और उन्होंने युद्ध में शस्त्र न उठाने की प्रतिज्ञा ली थी। कौरवों की अपेक्षा पांडवों की सेना बहुत कम थी। उस समय पांडव सेना में अधिकतर लोगों ने ये मान लिया था कि कौरव सेना के सामने पांडव ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाएंगे। संख्या के लिहाज से ऐसा सही भी लग रहा था। कौरवों की जीत आसान दिख रही थी। इन सारी बातों की वजह से पांडव सेना में उत्साह ही नहीं था, अधिकतर लोग निराश थे। उस समय अर्जुन ने अपनी सेना को समझाया कि हमें सिर्फ पूरी ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। संख्या के बारे में नहीं सोचना चाहिए। संख्या में भले ही हम कम हैं, लेकिन हमारे साथ स्वयं श्रीकृष्ण हैं, हम धर्म के लिए युद्ध कर रहे हैं, इसलिए हमें निडर होकर युद्ध करना चाहिए। अर्जुन की ये बातें सुनकर पांडव सेना में उत्साह लौट आया। हर एक सैनिक पूरे उत्साह के साथ युद्ध लड़ने के लिए तैयार हो गया। जब युद्ध शुरू हुआ तो श्रीकृष्ण ने अपनी नीतियों के जरिए पांडवों को जीत दिलवा दी। कौरवों की विशाल सेना पराजित हो गई। यहां बताई गई अर्जुन की बातें हमारे लिए भी बहुत काम की हैं। काम कैसा भी हो, अगर हम शुरुआत में ही निराश हो जाएंगे तो उस काम में सफलता मिलना मुश्किल हो जाएगा। उत्साह के साथ किए गए काम की वजह से हमें सफलता मिलने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। इसलिए हमें सकारात्मक सोच और उत्साह के साथ ही काम करना चाहिए।

**राधा नाचीज**

## सीओ ने आत्महत्या करने वाली किशोरी के घर जाकर परिजनों से की बातचीत



अमर ख़्याल , राहुल कुमार

रामपुर। बुधवार की दोपहर क्षेत्राधिकारी ने पीलाखार नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या की कोशिश करने वाली किशोरी के घर जाकर उससे बात की और किशोरी के स्वजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जिससे किशोरी व उसके परिजन खुश हो गए। मंगलवार को बीमारी से आहत एक किशोरी ने पीलाखार नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। वहीं पास में मछली पकड़ रहे थे कुछ लोगों ने किशोरी को डूबता देख तुरंत नदी में कूदकर उसको बचा लिया था। मौके पर पहुंची पुलिस किशोरी को थाने ले आई तथा उससे बातचीत के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने किशोरी को समझा-बुझाकर उसे उसके परिजनों के साथ घर भेज दिया था। वहीं बुधवार को क्षेत्राधिकारी संगम कुमार ने किशोरी के गांव पहुंचकर उसका हालचाल जाना। साथ ही किशोरी को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। क्षेत्राधिकारी से मदद की बात सुनकर किशोरी व उसके माता पिता काफी खुश नजर आए। इस दौरान भोट थानाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान पति हाजी वाजिद अली मौजूद रहे

## भारतीय किसान यूनियन टिकेत के जिलाध्यक्ष ने चालीस लोगों को संगठन से जोड़ा



अमर ख़्याल , राहुल कुमार

रामपुर। भोट/ भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष के द्वारा चलाए जा रहे सदस्य अभियान के तहत मिलक याकूब अली खां गांव में जाकिर हुसैन के आवास पर लगभग चालीस नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा गया और संगठन की सदस्यता दिलाई गई। बुधवार को भाकियू टिकैत के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मोहम्मद तालिब ने क्षेत्र के मिलक याकूब अली खां गांव में सदस्यता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में लगभग चालीस किसानों को संगठन से जोड़कर उन्हें संगठन की सदस्यता दिलाई गई। कहा कि संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन के नियम बताए गए और कहा कि रोजाना गांव गांव जाकर सदस्य बनाए जाएंगे जिससे टिकैत संगठन को और मजबूती मिलेगी। साथ ही कहा कि जिलेभर की समस्याओं को लेकर जल्द ही जिलाध्यक्ष हसीब अहमद के नेतृत्व में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जाकिर हुसैन, शहादत हुसैन, जलीस अहमद, फरमान अली, अनवर अली ,बशीर अहमद, फुरकान, असगर अली ,अनवर हुसैन ,अबरार हुसैन, मुजफ्फर अली आदि किसान मौजूद रहे

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार



अमर ख्याल। राहूल कुमार

रामपुर। बुधवार को थाना कोतवाली, पुलिस द्वारा शावेज कुरेशी पुत्र कय्यूमा निवासी पक्का बाग छिपियान थाना गंज, रामपुर को घेर मर्दान खां से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोवताली पर पंजीकृत धारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था

## लड़की के साथ षड्यंत्र रचकर भगाने व दुष्कर्म करने का अभियुक्त गिरफ्तार



अमर ख्याल ब्यूरो

वजीरगंज(गोण्डा) पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए, वही दूसरी तरफ थाना वजीरगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्त-विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था तथा उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध में लड़की की माँ द्वारा थाना वजीरगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार कर्ता टीम उ0नि0 गोपाल सिंह मय टीम सहित मौजूद रहे।

## इटवा बिधान सभा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत दखिनहवा सिकन्दर पुर में वितरण किया गया राहत सामग्री



अमर ख्याल , मुकेश पाण्डेय

सिद्धार्थनगर। इटवा बिधान सभा के ग्राम पंचायत दखिनहवा सिकन्दर पुर में वितरण किया गया बाढ़ राहत सामग्री आप को बताते चलें कि राप्ती नदी के उफान के कारण आइ भीषण बाढ़ से गांव मैरून्ड किए गए थे राहत सामग्री क ?इ दिन पहले गांव पर आ गया था लेकिन कुछ समान ना आने के कारण वितरण रूकी हुई थी लेकिन बूथ अध्यक्ष द्वारा पूर्व मंत्री को फोन पर अवगत कराया गया उसके एक घंटे बाद समान की पूर्ति कर वितरण किया गया जिसमें उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी के बरिष्ठ नेता लड्डू पाल सोनी कानूनगो धर्मप्रकाश वर्मा शक्ति केंद्र संयोजक अजय यादव प्रधान प्रतिनिधि दखिनहवा कांस्टेबल युधिष्ठिर यादव चौबे शेषराम यादव आदि लोगों की मौजूदगी रही

## दिपावली की खुशी में बच्चों को बांटी मिठाईयां

**अमर ख्याल बहराइच।** गरीब बच्चों को दीपावली की खुशी के उपलक्ष में नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक रामसमुझ प्रभाकर ने बांटी मिठाईयां मिठाई पाकर बच्चे हुए खुश । बताते चलें कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौगड़वा गांव में दर्जनों बच्चों को थाना प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज रामसमुझ प्रभाकर में दीपावली की खुशी केउपलक्ष में गरीब बच्चों को मिठाई वितरण कर उनकी खुशी में हाथ बंटाया सीमा पर स्थित संतालिया पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र कुमार ने भी सीमावर्ती गांव फुलटेकरा,मलौना पुरवा, आदि गांवों में गरीब बच्चों को दीपावली की खुशी में मिठाईयां व पटाखे वितरण किए इस दौरान उप निरीक्षक रविंद्र चंद्र एस आई अशोक जयसवाल कांस्टेबल रमेश कुमार,रवि यादव, अमित कुमार ,महिला आरक्षीआदि पुलिसकर्मी उनके साथ मौजूद रहे।

## नवदीप रोशनी में जगमगाया क्षेत्र, हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

अमर ख्याल ब्यूरो



कटरा बाजार(गोण्डा) जहां एक तरफ दीपावली के भव्य त्यौहार के दृष्टिगत समस्त जनपद व क्षेत्रवासी और जिले के पुलिस प्रशासन सहित नवदीप दीए जलाकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बड़े ही धूमधाम से दीपावली त्यौहार को मनाया,वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार में थाना प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने थाना परिसर में रंगोलियां सजावट के साथ समस्त पुलिसकर्मी व महिला पुलिसकर्मी सहित नवदीप दीए को जलाकर सांस्कृतिक नीतियों को अपनाते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर आपसी में भाईचारा के रूप में हर त्योहारों को बड़े ही धूमधाम से मनाने के क्रम में समस्त जनपद वासियों व क्षेत्रवासियों के बीच संदेश दिया। थाना कटरा बाजार परिसर में दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत रंग गोलियों की सजावट के दौरान महिला कांस्टेबल व पुलिस कांस्टेबल और यस आई सभाजीत सहित शामिल रहे, वहीं दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार के थाना प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत समस्त पुलिसकर्मियों को सार्वजनिक स्थान व बाजारों में तैनाती कर आवश्यक निर्देश से अवगत कराकर शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने हेतु आम जनमानस से जन संवाद स्थापित कर जागरूक करते हुए अपील की।

## रामजानकी कुटी में दीपावली पर्व पर ग्यारह सौ दीप जलाकर मनाई गई दिवाली

## दीपोत्सव का शुभारंभ लालापुर थानाध्यक्ष शेर सिंह यादव ने किया

अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी



लालापुर ( प्रयागराज ) पूरे देश में इस समय दीपावली की धूम है,हर कोई अपने घर को सज सज्जा से संवार रहा है। साथ ही दीपक से डेकोरेशन कर रहा है।इसी कड़ी में जनपद प्रायगराज के लालापुर गांव में दिव्य तरीके से दिवाली मनाई गई। लालापुर के प्राचीन रामजानकी कुटी में सोमवार की शाम दीपावली पर्व का दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रामजानकी कुटी में 11 सौ दीप जलाकर भव्य दीपोत्सव का शुभारंभ लालापुर थानाध्यक्ष शेर सिंह यादव के द्वारा किया गया। दीपोत्सव को लेकर लालापुर व अश्वनीपुर के बच्चों में खासा उत्साह रहा, जो निस्वार्थ दीपोत्सव की सफलता के लिए अपना सहयोग दिए।विदित हो कि दीपोत्सव कार्यक्रम के प्रारंभिक वर्ष 2019 में 500 दीप और वर्ष 2020 में 750 दीप, वर्ष 2021 में 1000 दीप जलाकर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा चुका है। जिसके बाद वर्ष 2022 में 11 सौ दीप जलाकर क्षेत्र का सबसे बड़ा दीपोत्सव मनाया गया। इस मौके पर सत्यम, डुग्गू ,बब्बू, शेखर किंजल ,शुभी ,तृषा,वार्तिका, ऋषभ, आयूष पांडेय,पांडुआ प्रधान दीपेश मिश्रा , रामू तिवारी,राजेन्द्र पांडेय,राकेश विश्वकर्मा,चिंता मणि यादव,समिति अध्यक्ष शिवेंद्र पांडेय सहित अन्य कई भक्त मौजूद रहे है।

## श्रृंगवेरपुर धाम के राष्ट्रीय रामायण मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाएगी संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था

मनोज त्रिपाठी



प्रयागराज। जनपद प्रयागराज से 35 किलोमीटर दूर निषादराज की राजधानी पर्यटक स्थल श्रृंगवेरपुर धाम में लगने वाले आगामी 4 नवंबर से 8 नवंबर तक राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं विश्व शांति को समर्पित 33 वें राष्ट्रीय रामायण मेला की सकुशलता हेतु गंगा पूजन करने के पश्चात बतौर मुख्य अतिथि व यजमान उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश ने यह बातें गंगा जी के तट पर कहीं उन्होंने प्रतिवर्ष की की भांति की तुलना में इस वर्ष और अधिक सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम करने का आश्वासन दिया सर्वप्रथम रामायण मेला पदाधिकारियों व क्षेत्रीय जनों के साथ गंगा पूजन किया गंगा पूजन पूरे वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोचार के द्वारा बाल व्यास श्री राम कथा शोध संस्थान के अध्यक्ष अतुल महाराज तीर्थ पुरोहित समाज के अध्यक्ष काली सहाय त्रिपाठी व आचार्य नरसिंह नारायण द्विवेदी के द्वारा कराया गया गंगा पूजन में पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया लाल पांडे राष्ट्रीय रामायण मेला के अध्यक्ष बालकृष्ण पांडेय उपाध्यक्ष जे एन यादव सियाराम सरोज महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी मेला के वरिष्ठ सदस्य सुशील कुमार पांडेय सुनील कुमार केसरवानी पूर्व प्रमुख आलोक पांडे शिव बाबू शुक्ला एडवोकेट प्रधानाचार्य राजमणि शास्त्री बायोवेद शोध संस्थान के निदेशक डॉक्टर बृजेश कांत द्विवेदी अधिवक्ता बलराम सिंह विनय कुमार अग्रवाल भाजपा नेता विनोद ओझा राजेंद्र केसरवानी मुनीमजी मनोज मित्तल डॉक्टर रमापति त्रिपाठी सुरेंद्र मिश्र तहसीलदार सोरांव पुलिस अधीक्षक गंगा पार अभिषेक अग्रवाल क्षेत्राधिकारी सोरांव चिराग जैन प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबगंज अनूप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर पंच आचार्यों द्वारा हरिद्वार एवं वाराणसी की तर्ज पर मां भगवती गंगा जी की आरती भी उतारी गई राष्ट्रीय रामायण मेला से संबंधित जानकारी देते हुए मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि 33 वें राष्ट्रीय रामायण मेला में प्रदर्शनी लगाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी सीपू गिरी के द्वारा लगभग दो दर्जन विभागों को निर्देशित किया गया है वहीं दूसरी ओर मेलाधिकारी उप जिलाधिकारी सोरांव डॉक्टर कंचन के द्वारा समस्त विभागों को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने हेत आमंत्रित किया गया है वहीं क्षेत्रीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्या द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ के द्वारा तुलसी कथा रघुनाथ की राम दरबार एवं विकास कार्यक्रमों पर आधार आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी लगाने के लिए पत्राचार किए गए हैं द्विवेदी ने यह भी बताया कि आगामी 30 अक्टूबर रविवार को प्राचीन परंपरा के अनुपालन में श्रृंगवेरपुर धाम की संस्कृति एवं राष्ट्रीय रामायण मेला के प्रचार प्रसार व उत्तर प्रदेश पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय एकता सद्भावना संदेश जन जागरण यात्रा भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता निषादराज की प्रतीकात्मक झांकी के साथ श्रृंगवेरपुर धाम से भरद्वाज आश्रम प्रयागराज तक निकाली जाएगी उपरोक्त समस्त कार्यक्रम संजय कुमार खत्री जिलाधिकारी प्रयागराज के मार्ग निर्देशन में संपन्न किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन कार्यालय प्रभारी अमित द्विवेदी ने किया

## अप्रयोजित पंचायत भवन का ताला टूटा

**अमर ख्याल ब्यूरो**

**बहराइच।** नवाबगंज ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मिजार्पुर चहलवा में अस्थाई तौर पर बनाए गए पंचायत भवन का निर्माण तो हो गया लेकिन हमेशा ताला ही पड़ा रहता है। शासन द्वारा सारी सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद भी नहीं खोला जा रहा है। पंचायत भवन का ताला पंचायत सहायक घर बैठे तनख्वाह ले रहे हैं। पंचायत भवन ना खुलने के कारण रात को चोरों ने ताला तोड़ दिया गनीमत यह था कि उसमें कोई भी सामान नहीं था उसमें जितना भी सामान है। वह सब पंचायत सहायक के घर पर रखा हुआ था अब सबसे बड़ा सवाल यह बनता है कि सारी सुविधा शासन के द्वारा होने के बाद भी पंचायत सहायक पंचायत भवन पर बैठने में आनाकानी कर रहे हैं

## पीडीए ने ग्लोबल अस्पताल के मालिक को थमाया नोटिस

**अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी प्रयागराज ।** प्रयागराज के झलवा स्थित ग्लोबल हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर की विल्डिंग के मालिक को प्रयागराज प्राधिकरण ने नोटिस थमाया है। नोटिस में बिना नक्शा पास कराये बिल्डिंग बनाने का कारण पूछते हुए पूरे कागजात के साथ स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया है साथ ही आदेश नहीं मानने पर जल्द ध्वस्तीकरण किये जाने की बात कही गयी है कुछ दिन पूर्व इसी अस्पताल में परिजनों ने नकली प्लेटलेट्स चढ़ाने का आरोप लगाया था। परिजनों का कहना था कि प्लेटलेट्स चढ़ाने के बाद डेंगू मरीज बमरौली निवासी प्रदीप पांडे की तबियत खराब होने के बाद दूसरे अस्पताल ले गये जहां मौत हो गयी परिजनो का आरोप था कि तबियत खराब होने पर मरीज को ग्लोबल हास्पीटल में भर्ती कराया डाक्टर ने प्लेटलेट्स लाने की बात कही नौ हजार रुपये में प्लेटलेट्स खरीदा जिसे चढ़ाने के बाद मरीज की मौत हो गयी मामला काफी ज्यादा हाईलाइट हो गया था

## बिना मान्यता के प्रिंस एकेडमी स्कूल संचालित, शिकायत के बावजूद भी कार्यवाही शून्य

संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी



कटरा बाजार(गोण्डा) बिना मान्यता के संचालित स्कूलों को पूर्णतया बंद करवाने हेतु शासन द्वारा आदेश समस्त जनपदों के जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी निर्देशित किया गया, वहीं दूसरी तरफ जनपद गोंडा के जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी शासनादेश के कुशल निर्देशन में बिना मान्यता के संचालित स्कूलों को पूर्णतया बंद करा कर एक इमानदारी की मिसाल बने। वहीं दूसरी तरफ जनपद गोंडा के विकासखंड कटरा बाजार में बीआरसी कार्यालय से महज दूरी लगभग पाँच सौ मीटर पर स्थित प्रिंस एकेडमी स्कूल बिना मान्यता प्राप्त किए रहा संचालित, जब इस मामले को खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार गुप्ता को दूरभाष के जरिए कई बार सूचना देकर अवगत कराने के उपरांत भी प्रिंस एकेडमी स्कूल बिना मान्यता प्राप्त के धड़ल्ले से संचालित कर शासन व जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशों को ताक पर रखकर जमकर उड़ा रहे धज्जियां। प्रिंस एकेडमी स्कूल के प्रधानाध्यापक से खंड शिक्षा अधिकारी कटरा बाजार आखिरकार बिना मान्यता के स्कूल संचालित को पूर्णतया बंद ना करके कार्यवाही न कर बल्कि शासन व जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश को ठंडे बक्से में बंद कर-के प्रिंस एकेडमी स्कूल के अध्यापक पर मेहरबान हो कर उदासीनता दिखाने हेतु दिखे माहिर, खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार गुप्ता के कार्यवाही ना करने व बिना मान्यता के स्कूल को पूर्णतया बंद ना करने पर बेखौफ प्रिंस एकेडमी के प्रधानाध्यापक का हौसला बुलंद होकर शासन व जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशों का कतई नहीं रहा कोई खौफ, प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार गुप्ता के मिलीभगत से प्रिंस एकेडमी स्कूल संचालित कर शासन द्वारा आदेशों को जमकर उड़ा रहे धज्जियां जब इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार गुप्ता से दूरभाष के जरिए संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बिना मान्यता के संचालित प्रिंस एकेडमी स्कूल पूर्णतया बंद करवा दिया गया था अगर प्रिंस एकेडमी स्कूल के प्रधानाध्यापक दोबारा स्कूल संचालित कर रहे हैं तो स्कूल बंद करवा दिया जाएगा, उक्त प्रकरण में जब बेसिक शिक्षा अधिकारी से दूरभाष के जरिए संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बिना मान्यता के संचालित प्रिंस एकेडमी स्कूल खंड शिक्षा अधिकारी को पूर्णतया बंद करवाने हेतु निर्देशित किया गया लेकिन बिना मान्यता के प्रिंस एकेडमी स्कूल के प्रधानाध्यापक शासन के आदेश को ना मानकर संचालित कर रहे हैं तो स्कूल को पूर्णतया बंद करके मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अब यह देखना है कि बिना मान्यता के संचालित स्कूल को पूर्णतया बंद करवाने हेतु शासन द्वारा आदेश पारित होने के बावजूद भी बिना मान्यता के स्कूल संचालित प्रिंस एकेडमी स्कूल पर जिला अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी क्या एक्शन लेते हैं कि बिना मान्यता के प्रिंस एकेडमी स्कूल संचालित करवाने हेतु हौसला बुलंद रखते हैं

## जार्जटाउन पुलिस ने किया अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा

मनोज त्रिपाठी



प्रयागराज। थाना जार्जटाउन थाने की पुलिस ने इस गैंग का खुलासा किया गैंग चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । इनमें शहनवाज कुंडा सर्किल के हथिगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिसहिया गांव का रहने वाला है। अन्य बदमाशों में विनोद कुमार जायसवाल उर्फ पप्पन पुत्र शंकर लाल प्रयागराज जिले के होलागढ़ थाना क्षेत्र के दहियावां गांव का रहने वाला है । राजकुमार यादव उर्फ रामू बिहार के गोपालगंज जिले के सिधवलिया का रहने वाला है। राजकुमार यादव के माध्यम से ही यह गिरोह चोरी की कारों को बिहार तस्करों तक सप्लाई किया करते है एक अन्य बदमाश हरीश उर्फ कल्लू गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अर्थला मोहन नगर कटोरी मिल धर्मशाला का रहने वाला है इस गिरोह में एक और बदमाश के नाम की जानकारी सामने आयी है जिसका नाम ऋषि है और वह प्रयागराज जिले के धूमनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुलेमसराय का रहने वाला है वह पुलिस के हाथ नहीं लग सका है पुलिस उसकी तलाश कर रही है पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह लोग अस्पताल, सड़क के किनारे व अन्य सुनसान स्थान पर खड़ी कारों को अपना निशाना बनाते हैं और ऐसी गाड़ियो को चिन्हित कर पुरानी चाभी व औजारों से लॉक खोल कर चोरी कर लेते हैं फिर इस चोरी की गाड़ियो को राजकुमार यादव के माध्यम से बिहार में ले जाकर बेच देते हैं पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी की दो बोलोरो और दो सैंटरो कार बरामद की है इसके अलावा नीली बत्ती लगी हुई एक कार को भी पुलिस ने बरामद किया है पुलिस का कहना है कि नीली बत्ती लगी कार से गैंग के बदमाश घूमा करते थे और चोरी करने वाली गाड़िया की रेकी करते थे

## जंगल में एक गाय सहित तीन बछड़ों का वध बजरंग दल, और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

संवाददाता राहुल कुमार

रामपुर। पटवाई थाना क्षेत्र के सिकरोल गांव में पटाखों की आवाज में सिकरोल गांव के जंगल में अज्ञात लोगों ने चार साडो का वध कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस जंगल में एक गाय तीन बछडे साथ में रहते थे। 24 अक्टूबर दीपावली रात्रि किसी टाइम अज्ञात लोगों ने एक गाय सहित तीन बछड़ों का वध कर दिया।अज्ञात लोगों ने मासूम जानवरों को काटकर उनकी खाल को चार बोरियों में भरकर जंगल के तलाब की तरफ फेंक कर चले गए। घटना सोमवार दीपावली रात्रि के किसी टाइम की है दीपावली कि पटाखों की आवाज में गोकशी करने वाले हत्यारों ने एक गाय सहित तीन बछड़ों को अपना शिकार बना लिया और उनको काट कर उनका मांस ले गए खाल को चार बोरियों में भरकर गांव के जंगल के तालाब में फेंक कर चले गए। मंगलवार दोपहर 3:00 बजे गांव के कुछ लड़के जंगल की तरफ टहलने निकले थे उन्हें जंगल में गाय के कुछ अवशेष दिखाई दिए अवशेषों को देखकर लड़कों को सख हुआ और जंगल में घूम कर देखा तो तालाब के गड्ढे की तरफ चार बोरियों में गाय बछड़े के कुछ मांस सहित खाल भरी हुई थी। जिसको देखकर लड़कों ने इसकी चर्चा गांव में की गांव के ही किसी व्यक्ति ने बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को सूचना दे दी सूचना सुनकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सिकरोल गांव के जंगल में पहुंचे और जमकर हंगामा किया हंगामा क्यों देख आनन-फानन में पटवा ई थाना प्रभारी हरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और कार्यकताओं को शांत कर गाय और बछड़े के शवों को अपने कब्जे में लेकर रामपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल और गांव के ग्राम प्रधान ओमप्रकाश की तरफ से इसकी सूचना लिखित में पटवाई थाना प्रभारी को दी गई पटवाई थाना प्रभारी हरेंद्र यादव ने बताया कि अज्ञात गोकशी करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी

## 14 बर्षीय बालिका का ट्रेन से कटकर मौत

**बजरंग प्रसाद त्रिपाठी , ब्यूरो चीफ**


**बालपुर ( गोंडा )** पारिवारिक उत्पीड़न से त्रस्त किशोरी बालिका ने अपने ननिहाल में ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दिया इससे हड़कंप मच गया और सैकड़ों क्षेत्रवासियों की वहां भीड़ इकट्ठा हो गई मामला थाना कटराबाजार की पुलिस चौकी हलधरमऊ क्षेत्र की ग्रामपंचायत वमडेरा के गांव पूरे संगम कंधईपुरवा का है पारिवारिक उत्पीड़न से त्रस्त किशोरी बालिका करीब 15 दिन पहले अपनी मां के साथ यहां ननिहाल में चली आई। अचानक बुधवार की सुबह 14 वर्षीय किशोरी अंजली पुत्री संतोष कुमार दीपू मिश्रा ने ट्रेन से कटकटर अपनी जान दे दिया इससे हड़कंप मच गया और सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया इस मामले की विस्तृत जानकारी मृतक किशोरी बालिका अंजली की मां सीमा मिश्रा पत्नी सन्तोष कुमार दीपू मिश्रा निवासी ग्रामपंचायत त्योरासी के गांव भोलापुरवा थाना परसपुर के द्वारा पुलिस अधीक्षक गोंडा को 5 माह पहले दिये गये शिकायती पत्र से मिलती है महिला ने पति सास ससुर समेत तीनों पर अपने व बेटियों के साथ बांधकर मारपीट करते हुए उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एसपी से मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है इस शिकायती पत्र में महिला ने अपने पति का अपने भाभी के साथ अवैध संबंधों का भी खुलासा किया गया है। महिला व उसकी बेटियों का ससुराल वालों द्वारा लगातार मारपीट करते हुए उत्पीड़न करने का यही प्रमुख कारण माना जा रहा है। इसी के चलते महिला उत्पीड़न से बचने को लेकर शादी के बावजूद ज्यादा समय अपने मायके में रहती रही चौकी इंचार्ज हलधरमऊ अजय कुमार पाण्डेय का कहना है कि ग्राम पूरे संगम कंधईपुरवा के पास किशोरी बालिका सुबह रेलवे लाइन पार कर रही थी।इसीबीच अचानक ट्रेन के आ जाने से उसकी दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि सच्चाई इसके कुछ और होने की तरफ इशारा कर रही है

## कप्तान के निर्देशन में जनपद गोण्डा में मनाया गया, साइबर जागरूकता दिवस



**अमर ख्याल ब्यूरो**

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु ह्यह्यसाइबर जागरूकता दिवसह्यह्य पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में साइबर अपराध का सेमीनार आयोजित कर साइबर अपराध से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया ।साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड/डेविड कार्ड/क्रेडिट, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई सम्बन्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क/हेल्पलाइन नम्बर/वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है, इसकी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कराना था जिससे साइबर अपराध सम्बन्धी जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सकें



## संजय बोले- 'अब ज्यादा साउथ फिल्में करूंगा'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त इन दिनों साउथ सिनेमा में ज्यादा सक्रिय हैं। 'केजीएफ चैप्टर 2' में उन्होंने 'अधीरा' बनकर दर्शकों का दिल जीत लिया था, जिसके बाद अब वह तमिल की 'थलापति 67' और कन्नड़ की 'केडी द डेविल' फिल्म में नजर आएंगे। हाल ही में, कन्नड़ फिल्म 'केडी द डेविल' का हिंदी में टीजर रिलीज हुआ, जिसके इवेंट में संजय दत्त ने बॉलीवुड और साउथ पर एक बार फिर बयान दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अब ज्यादा से ज्यादा साउथ की फिल्मों में काम करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आज के समय में बॉलीवुड को क्या चीज साउथ से सीखनी चाहिए।

लाइफ Style



# हुमा

## राजश्री का किरदार लिब्रेटिंग व एम्पॉवरिंग रहा

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है कि फिल्म डबल एक्सएल में काम करने के लिये लोगों ने उन्हें मना किया था। हुमा कुरैशी ने कहा कि राजश्री का किरदार निभाना बहुत ही लिब्रेटिंग और एम्पॉवरिंग था।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सतराम रमानी द्वारा निर्देशित, डबल एक्सएल में सोनाक्षी सिन्हा, हुमा कुरैशी, ज़हीर इक़बाल और महत रघुवेन्द्र की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म दो प्लस-साइज महिलाओं की कहानी है जो अपने सपनों की तलाश में हैं। हुमा कुरैशी को इस फिल्म के लिये लगभग 20 किलो वजन बढ़ाना पड़ा। हुमा कुरैशी ने कहा कि डबल एक्सएल में राजश्री त्रिवेदी की भूमिका के लिए वजन बढ़ाने की बात आई तो मैं डर गई थी, क्योंकि मेरे सबसे करीबी विश्वासपात्रों और साथियों ने मुझसे कहा था कि मैं गलती कर रही हूं। और यह मेरे करियर का अंत होगा। इन सबके बावजूद मैंने अपना मन बना लिया और भूमिका निभाने का फैसला किया। हुमा कुरैशी ने कहा कि राजश्री का किरदार निभाना बहुत ही लिब्रेटिंग और एम्पॉवरिंग था। इस फिल्म की शूटिंग करने का अनुभव बहुत ही जबरदस्त रहा और मुझे मजबूत और अधिक आत्मविश्वासी बनाया। गौरतलब है कि गुलशन कुमार, टी-सीरीज, वाकाओ फिल्म्स और मुदस्सर अजीज द्वारा इस फिल्म को प्रस्तुत किया जा रहा है। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, साकिब सलीम, हुमा कुरैशी और मुदस्सर अजीज द्वारा किया गया है।

हॉलीवुड मसाला



## 'आयरन मैन' पर्दे पर वापसी

**लॉस एंजिलिस।** साल 2008 में आई आयरन मैन सीरीज की पहली फिल्म ने हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर के रूप में मार्वल यूनिवर्स को एक ऐसा सितारा दिया जो लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ गया। रॉबर्ट डाउनी जूनियर के एक बार फिर से आयरन मैन के किरदार में नजर आने की खबरें भी सामने आईं थीं। अब इसको लेकर डाउनी ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है। डाउनी ने बताया कि उनका फिलहाल आयरनमैन के किरदार को निभाने का कोई इरादा नहीं है।



## दो कैटेगरी में टक्कर दे रहा बीटीएस...

**लॉस एंजलिस।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2022 के लिए बीते गुरुवार को नॉमिनेशन का अनाउंसमेंट किया गया है। इस बार कई बड़े आर्टिस्ट अवॉर्ड को लेकर आमने-सामने होंगे। लोगों का पसंदीदा बीटीएस भी दो कैटेगरी में शामिल है। अवॉर्ड सेरेमनी लॉस एंजलिस के माइक्रोसॉफ्ट थिएटर में 21 नवम्बर को आयोजित होगी। इस बार आर्टिस्ट ऑफ द ईयर के लिए सात नॉमिनीज हैं। इनमें लेटिन सेंसेशन बेड बन्नी 8 नोमिनेशन के साथ टॉप पर हैं। उनके साथ ही बेयोंस, टेलर स्विफ्ट और ड्रेक को 6 नॉमिनेशन मिले हैं। इसके अलावा ऐडेले, हैरी स्टाइल्स और द वीकेंड को पांच कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला है। वहीं, के पॉप कैटेगरी में बीटीएस, ट्वाइस, ब्लैकपिंक, सेंवटींन और टूमॉरो एक्स टूगेदर को जगह मिली है।



## परिणीति ने मनाया 34वां जन्मदिन

**मुंबई।** हाल ही में फिल्म कोड नेम तिरंगा में नजर आईं अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इस साल अपना 34वां जन्मदिन मनाया। इस फिल्म में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए अभिनेत्री को फिल्मफेयर अवार्ड में बेस्ट एक्ट्रेस के लिए नॉमिनेट किया गया था। इस फिल्म के बाद पर परिणीति ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया। अभिनेत्री परिणीति का जन्म 22 अक्टूबर 1988 को अंबाला में हुआ। बचपन से ही पढ़ाई में तेज परिणीति 17 साल की उम्र में ही इंग्लैंड चली गईं, जहां उन्होंने बिजनेस, फाइनेंस और इकोनॉमिक्स में अपनी ट्रिपल डिग्री पूरी की। इसके अलावा परिणीति ने संगीत में बीए ऑनर्स किया हुआ है। अभिनय के अलावा एक्ट्रेस कई बार अपनी गायिकी के हुनर का परिचय देते भी नजर चुकी हैं।



## 'थैंक गॉड' के प्रचार प्रसार में व्यस्त

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आगामी फिल्म 'थैंक गॉड' के रिलीज होने में ज्यादा समय नहीं रह गया है। ऐसे में अजय देवगन इस समय अपनी फिल्म का प्रचार-प्रसार करने में व्यस्त हैं। अजय देवगन 'थैंक गॉड' की पूरी टीम के साथ फिल्म का प्रमोशन करने के लिए टीवी के पॉपुलर शो 'द कपिल शर्मा शो' में पहुंच गए हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अजय देवगन और 'थैंक गॉड' की पूरी टीम का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह 'द कपिल शर्मा शो' में खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं। कपिल शर्मा ने मजाक-मजाक में अजय देवगन से एक ऐसा सवाल किया जिसे सुन शायद अभिनेता ने बहुत सोच समझकर जवाब दिया होगा।

टीवी मसाला



## अर्चना और गौरी ने एक-दूसरे को दी गालियां...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 16' का लेटेस्ट एपिसोड 'वीकेंड का वार' में ऑडियंस को सलमान खान की कमी खली। सलमान इन दिनों डेंगू से पीड़िता हैं और रिकवर कर रहे हैं। शनिवार के एपिसोड को करण जौहर ने होस्ट किया। इसके बाद बिग बॉस ने घरवालों की हरकतों को करण जौहर से देखने को कहा। करण ने अब्दुल रोजिक को अर्चना गौतम की चॉकलेट चुराते हुए देखा। वह चॉकलेट शिव ठाकरे को देता है। वहीं, अर्चना के खिलाफ निमृत कौर, शिव, मान्या सिंह समेत कई खिलाफत आंदोलन करते हैं। वह अर्चना के कहने के बाद भी कोई काम नहीं करते और राशन चुराते हैं। जब गोरी नागोरी खुले आम कैप्टन अर्चना के रूम में सामान निकालती हैं और सारे रूल्स तोड़ती हैं, तो बात बिगड़ जाती है। कैप्टन अर्चना गौतम और गोरी नागोरी की तीखी बहस देखने को मिलती है। बात तब और बिगड़ गई जब एक-दूसरे को भद्दे कमेंट्स करते हैं और अपशब्द कहते हैं। शिव, एमसी स्टैन और कई लोग गोरी को सपोर्ट करते हैं। गोरी ने अर्चना के रूम से ड्रैगन फ्रूट उठाकर लाती हैं और खाती हैं। फिर अर्चना के चेहरे के आगे उस ड्रैगन फ्रूट को दिखाकर चिढ़ाती हैं। अर्चना गोरी के हाथ झटक देती हैं। इस पर गोरी नागोरी उनपर हाथ उठाने का आरोप लगाती हैं और बिग बॉस को "ब्लैकमेल" करते हुए अर्चना के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने अगर बिग बॉस अर्चना के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे तो वह खुद अर्चना के हाथ पैर तोड़ देंगी। वह बिग बॉस को एक्शन को लेने के लिए एक घंटे का समय देती हैं। यह एक घंटा पूरा होने पर गोरी हाथ में डंबल लिए अर्चना के आसपास घूमती हैं। ये सब, तब तक जारी रहा जब तक कि करण जौहर अंदर नहीं आए और उन्होंने कंटेस्टेंट्स को नियम तोड़ने और बिग बॉस को ब्लैकमेल करने के लिए फटकार लगाई। उन्होंने गोरी की हरकत पर सवाल उठाया और उसी के लिए उन्हें फटकार लगाई। बाद में गोरी ने इसके लिए माफी मांगी और कहा कि वह इस तरह की हरकत दोबारा कभी नहीं करेंगी। इसके बाद करण जौहर ने "केजेओ के सिटी" नाम के सेगमेंट मेंट घरवालों को रोमांटिक गानों और सीन्स पर परफॉर्म करने के लिए कहा। जिसे सबने बखूबी किया।

## सत्यजीत रे की 'पाथेर पांचाली' सबसे बेहतरीन फिल्म ...




**मुंबई।** इंडिया चैप्टर ऑफ़ द इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ़ फिल्म क्रिटिक्स ने भारत की 10 सबसे बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इंडिया चैप्टर ऑफ़ दि इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ़ फिल्म क्रिटिक्स की ओर से हाल ही में एक पोल कराया गया। सत्यजीत रे के निर्देशन में बनी बांग्ला फिल्म पाथेर पांचाली इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। दूसरे स्थान पर भी बंगाली फिल्म मेघे ढाका तारा है। तीसरे स्थान पर हिंदी फिल्म भुवन शोम है। मलयालम फिल्म एलिपथायम भारत की चौथी सबसे बेहतर फिल्म है। कन्नड़ फिल्म घटा श्रद्धा पांचवी सबसे बेहतर फिल्म है, फिल्म गर्म हवा भी इस लिस्ट में शामिल है जो छठे नंबर पर है। सातवें वें नंबर पर बंगाली फिल्म चारुलता है। फिल्म अंकुर 8वीं सबसे बेहतर फिल्म है। प्यासा लिस्ट में 9वें नंबर पर है। शोले 10वीं सबसे बेहतरीन भारतीय फिल्म है। यह सीक्रेट पोल था, जिसके लिए इंडिया चैप्टर ऑफ़ दि इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ़ फिल्म क्रिटिक्स के 30 सदस्यों ने गोपनीय तरीके से वोट दिया। सबसे ज्यादा वोट के आधार पर देश की सबसे बेहतरीन 10 फिल्मों की सूची बनाई गई है।

## फिल्म महोत्सव के लिए हुआ 45 फिल्मों का चयन




**मुंबई।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) ने शनिवार को 25 फीचर और 20 नॉन-फीचर फिल्मों के नामों की घोषणा कर दी है। चयनित फिल्मों को गोवा में 20 से 28 नवंबर, 2022 तक आयोजित होने वाले 53वें फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया जाएगा। बता दें कि इन 45 फिल्मों में 10 फिल्में हिंदी भाषा की भी हैं, जिसमें 'द कश्मीर फाइल्स', 'थ्री ऑफ अस', 'मेजर', 'सिया' जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा तमिल और तेलुगू की चार फिल्में, दो बंगाली फिल्में, सात अंग्रेजी फिल्में, कन्नड़ और मलयालम की तीन फिल्में, मराठी की पांच और मैथिली, कोंकणी, मणिपुरी, संस्कृत, इरुला, उड़िया की एक-एक फिल्म का नाम चयनित किया गया है। फीचर फिल्म जूरी का नेतृत्व विनोद गनात्रा द्वारा किया गया। विनोद गनात्रा के अलावा पैनल में ए कार्तिक राजा, आनंद ज्योति, डॉ अनुराधा सिंह और शैलेश दवे शामिल समेत 12 सदस्य शामिल थे, जिन्होंने 'महानंदा', 'थ्री ऑफ अस', 'सिया', 'द स्टोरीटेलर', 'धाबरी कुरुवी', 'नानू कुसुमा', 'लोटस ब्लूम्स', 'सऊदी वेल्लाक्का', 'फ्रेम', 'शेर शिवराज', 'एकदा का ज़ाला', 'प्रतिक्षा', 'कुरंगु पेडल', 'किडा', 'सिनेमा बंदी' और 'कुधिराम बोस' जैसी फीचर फिल्मों का सिलेक्शन किया। वहीं 'मेनस्ट्रीम सिनेमा सेक्शन' में साल की दो सबसे बड़ी हिट फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' और 'आरआरआर' के साथ-साथ 'टॉनिक, अखंड और धर्मवीर .मुक्कम पोस्ट ठाणे का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, नॉन-फीचर कैटेगरी की बात करें तो ओइनम डोरेन के साथ पैनल में चंद्रशेखर ए, हरीश भीमानी, मनीष सैनी और पी उमेश नाइक समेत छह सदस्यीय पैनल ने 'पाताल-टी', 'आयुष्मान', 'गुरुजाना', 'हतिबंधु', 'खजुराहो', 'आनंद और मुक्ति', 'विभजन की विभीष्का उनकही कहानियां', 'छू मेड ना यूल मेड', 'बिफोर आई डाई', 'मध्यंतारा', 'वाग्रो', 'वीतिलेक्कू', 'बियॉन्ड' जैसी फिल्मों का चयन किया है।

### दीपावली के बाद बढ़ जाते हैं लगभग 38 प्रतिशत अस्थमा के मरीज

# पटाखों का धुआं अस्थमा रोगियों के लिए हानिकारक, ऐसे करें बचाव

*दीपावली का त्योहार हर किसी के लिए खुशियां लेकर आता है, लेकिन वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो दीपावली के नजदीक आते ही प्रदूषण और धुएं से डरने लगते हैं। जी हां, दीपावली में होने वाले प्रदूषण से सबसे ज्यादा परेशान अस्थमा से जूझ रहे लोग होते हैं। विश्व स्वास्थ्य ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार, दीपावली के बाद भारत में लगभग 38 प्रतिशत अस्थमा के पेशेंट्स की संख्या में इजाफा होता है।*

### खांसी, इंफेक्शन व सांस लेने में परेशानी

पटाखों से होने वाले धुएं से खांसी, सांस लेने में परेशानी और गले में इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। बाहर ही नहीं, बल्कि घर के अंदर भी धुएं और घुटन का अहसास होता है। अस्थमा एक ऐसी स्थिति है, जिसमें मरीज की सांस नली में सूजन आ जाती है, जिससे सांस संबंधी समस्या आने लगती है। धुएं और प्रदूषण से बचने के लिए अस्थमा पेशेंट्स को खास देखभाल की आवश्यकता होती है। यदि घर में किसी को अस्थमा की समस्या है तो ऐसे करें उनका प्रदूषण से बचाव।

### हमेशा पास रखें इनहेलर

कंट्रोलर इनहेलर अस्थमा का दौरा पड़ने की संभावना को कम कर सकता है। ब्रेथफ्री डॉट कॉम के अनुसार, दीपावली के दौरान या बाद में भी अस्थमा पेशेंट्स को अपने साथ हमेशा इनहेलर रखना चाहिए। दिवाली के समय हवा में कई ऐसे केमिकल्स और डस्ट पार्टिकल होते हैं, जिससे अस्थमा का अटैक आ सकता है। ऐसे में इनहेलर के प्रयोग से जल्द लक्षणों पर काबू पाया जा सकता है।



### धूल-धुएं से खुद को रखें अलग

दिवाली से पहले लोगों के लिए घरों की सफाई करना आम बात है, लेकिन इस सफाई से भी धूल के कण पैदा हो सकते हैं। इस वजह से सांस लेने में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। जब ऐसे कण सांस द्वारा सांस नली में जाते हैं तो अस्थमा का अटैक आ सकता है। इसमें छींकने, खांसी और घबराहट जैसे लक्षण हो सकते हैं। धूल से बचने के लिए खुद को एक कमरे में बंद कर लें और सफाई हो जाने के बाद बाहर आएं।

### धुएं से बचने घर में ही रहें

दीपावली के दौरान पटाखों के धुएं से खुद को बचाने के लिए जितना हो सके घर से बाहर निकलने से बचें। धुएं में सांस लेना अस्थमा को ट्रिगर कर सकता है। दीवाली के दौरान यदि घर के बाहर निकलें तो मुंह में कपड़ा या मास्क लगा लें ताकि अधिक धुएं से बचा जा सके। खासकर शाम के वक्त घर से बाहर न जाएं।


### पेट खाली न रहें इन चीजों का करें सेवन

दीपावली के समय पेट को बिल्कुल भी खाली न रखें। खासकर अस्थमा के मरीजों को गर्माहट देने वाली चीजों का सेवन करना चाहिए। जितनी बार भी पानी पीएं तो वो हल्का गुनगुना होना चाहिए। इसके अलावा सूप का सेवन लाभदायक हो सकता है। अधिक मीठा और चिकना खाने से परहेज करें। अधिक तेल वाला खाने के बाद गर्म पानी का सेवन जरूर करें।

श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने दी जानकारी

# 14 जनवरी 2024 से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा राम मंदिर

## निर्माण का 50 प्रतिशत कार्य पूरा, 1800 करोड़ खर्च होने का अनुमान



- चम्पक बोले, हम निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता से संतुष्ट
- पीएम मोदी ने पिछले शनिवार को मंदिर परिसर का जायजा लिया
- मंदिर का प्रथम तल दिसंबर 2023 में बनकर तैयार हो जाएगा
- मंदिर परिसर की भव्यता को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा

**अयोध्या (उत्तर प्रदेश) (भाषा)।** अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रहे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा है कि मंदिर निर्माण का 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और कार्य प्रगति संतोषजनक है। ट्रस्ट ने दीपावली के एक दिन बाद मंगलवार को मीडिया को उस जगह जाने की इजाजत दी जहां से मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया जा सकता है। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने यहां संवाददाताओं को बताया, "मुख्य मंदिर का 40 प्रतिशत और कुल मिलाकर परिसर में 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। हम निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता से संतुष्ट हैं।" भ्रमण के दौरान संवाददाताओं को उस स्थान पर भी ले जाया गया जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले शनिवार को मंदिर निर्माण कार्य का जायजा लिया था। राय ने बताया कि मंदिर निर्माण में 1800 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि मंदिर का प्रथम तल दिसम्बर 2023 तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उसके बाद मकर संक्रांति पर 14 जनवरी 2024 को मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और उसे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट ने मंदिर परिसर में प्रमुख साधु-संतों की प्रतिमाएं लगवाने के लिए स्थान निर्धारित करने का भी फैसला किया है।

# दिवाली उत्सव : जम्मू, पंजाब में बीएसएफ एवं पाक रेंजर्स ने मिठाइयों का आदान-प्रदान किया



*भारत और पाकिस्तान के सीमा रक्षक बल ईद और दीवाली जैसे धार्मिक त्योहारों और अपने-अपने स्वतंत्रता दिवसों पर मिठाइयों और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं।*

**जम्मू/अटारी। (भाषा)** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पाकिस्तान रेंजर्स ने सोमवार को दिवाली पर जम्मू क्षेत्र और पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कई सीमा चौकियों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। भारत और पाकिस्तान के सीमा रक्षक बल ईद और दीवाली जैसे धार्मिक त्योहारों और अपने-अपने स्वतंत्रता दिवसों पर मिठाइयों और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं। इस मौके पर दोनों ओर की सेनाओं ने भी नियंत्रण रेखा पर कुछ अग्रिम चौकियों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा, ₹आज दीवाली के अवसर पर, बीएसएफ और पाकिस्तान रेंजर्स ने बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में जम्मू सीमा के तहत विभिन्न सीमा चौकियों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ऐसा सांबा, कठुआ, आरएस पुरा और अखनूर सीमा पर स्थित सीमा चौकियों पर किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ ने दिवाली के मौके पर पाकिस्तानी रेंजर्स को मिठाई खिलाई। संयुक्त जांच चौकी पर बीएसएफ के कमांडेंट रैंक के एक अधिकारी ने अन्य जवानों के साथ पाकिस्तान रेंजर्स को मिठाई दी। दोनों बलों के अधिकारियों ने हाथ मिलाया। प्रवक्ता ने कहा कि सीमा पर अपना दबदबा बनाने के साथ ही बीएसएफ हमेशा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में सबसे आगे रहा है।

## कारगिल में सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाते हुए पीएम मोदी की चीन और पाक को दो टूक...


पीएम ने लगातार 9वें साल सैनिकों के साथ **मनाई दिवाली**

# भारत ने युद्ध को हमेशा अंतिम विकल्प माना लेकिन दुश्मन के दुस्साहस का मिलेगा मुंहतोड़ जवाब : मोदी

## सीमा के हमारे प्रहरी देश की रक्षा के मजबूत स्तंभ, देश तभी सुरक्षित होता है जब सीमाएं सुरक्षित होती हैं

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार सोमवार को दिवाली देश की सीमाओं की दिन रात हिफाजत करने में लगे हुए सेना के जवानों के साथ कारगिल में मनाई। इस अवसर पर जवानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने हमेशा ही युद्ध को अंतिम विकल्प के रूप में देखा है। हम विश्व शांति के पक्षधर हैं। लेकिन शांति भी बिना सामर्थ्य के संभव नहीं होती। अगर कोई हमारी तरफ नजर उठाकर देखेगा तो हमारी तीनों सशस्त्र सेनाएं दुश्मन को उसी की भाषा में मुंहतोड़ जवाब देना भी जानती हैं। दिवाली का अर्थ है आतंक के अंत का उत्सव। यही कारगिल ने भी किया था। जहां हमारी सेना ने आतंक के फन को कुचला था और देश में जीत की ऐसी दिवाली मनी थी कि लोग आज भी याद करते हैं। सीमा के हमारे प्रहरी देश की रक्षा के मजबूत स्तंभ हैं। देश तभी सुरक्षित होता है। जब सीमाएं सुरक्षित होती हैं, अर्थव्यवस्था सशक्त हो और समाज आत्मविश्वास से भरा हो। गौरतलब है कि एलएसी और एलओसी पर बने हुए मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालातों के बीच पीएम मोदी ने पहली बार चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उन्हें परोक्ष रूप से सख्त चेतावनी दी है। 2014 में बतौर प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभालने के बाद पीएम मोदी की यह नौवीं दिवाली है। जिसे उन्होंने सीमा पर जवानों के साथ मनाया। पिछले साल प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में जवानों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया था। उधर पीएम के अलावा सीडीएस, सेनाप्रमुख ने भी देश के अलग-अलग इलाकों में जवानों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया।



### आतंकवाद, नक्सलवाद का होता सफाया

जवानों को संबोधित करते हुए पीएम ने भारत के प्राचीन रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों का जिक्र करते हुए कहा कि युद्ध को हमेशा अंतिम विकल्प मानने के पीछे हमारे संस्कार भी कारण रहे हैं। युद्ध चाहे लंका में हुआ हो या कुरुक्षेत्र में। उसे अंत तक टालने की हर संभव कोशिश हुई है। सीमा पर जवान कवच बनकर खड़े हैं। तो भारत अपने बाहरी और भीतरी दुश्मनों के खिलाफ सफलता से मोर्चा ले रहा है। आतंकवाद और नक्सलवाद की जो जड़ें बीते दशकों में पनपी थीं। उन्हें उखाड़ने का सफल प्रयास देश लगातार कर रहा है। नक्सलवाद का दायरा सिमट रहा है। देश भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध लड़ रहा है। भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो। अब वो नहीं बचेगा। राष्ट्रहित में बड़े से बड़े निर्णय लिए जा रहे हैं और उन्हें लागू किया जा रहा है। कुशासन ने लंबे वक्त तक देश के सामर्थ्य को रोके रखा और हमारे विकास की राह में रोड़े अटकाए।

### भारत पर टिकीं हैं दुनिया की निगाहें

उन्होंने कहा कि आज पूरे वश्वि की नजर भारत और उसके बढ़ते सामर्थ्य पर है। जब भारत की ताकत बढ़ती है तो शांति, समृद्धि की संभावना बढ़ने के साथ-साथ वश्वि में एक संतुलन आता है। दुनिया में आज जिस प्रकार भारत का मान, सम्मान बढ़ा है। उससे वश्वि पटल पर भारत की बढ़ती भूमिका आज सबके सामने है। करीब सात-आठ साल में देश की अर्थव्यवस्था 10वें से 5वें पायदान पर पहुंच गई है। आज एक ओर युवा सीमा को संभाल रहे हैं तो दूसरी तरफ कुछ युवा 80 हजार से अधिक स्टार्टअप बना देते हैं, नए-नए इनोवेशन हो रहे हैं। इसरो ने ब्रॉडबैंड वस्तिार वाले 36 सैटेलाइट एक साथ लांच कर नया रिकॉर्ड बनाया है। युक्रेन में लड़ाई छिड़ी तो हमारा तिरंगा भारतीयों का सुरक्षा कवच बना। आजादी का ये अमृतकाल भारत की इसी ताकत, सामर्थ्य का साक्षी बनने वाला है। जिसमें जवानों की बहुत बड़ी भूमिका है।

### युद्ध की बदलती प्रकृति, स्वदेशी-आत्मनर्भिरता पर जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती तकनीक के इस दौर में भवष्यि में युद्धों का स्वरूप भी बदल रहा है। नई चुनौतियों, तौर-तरीकों और राष्ट्र रक्षा की बदलती जरूरतों के हिसाब से हम देश की सैन्य ताकत को तैयार कर रहे हैं। सेना में बड़े सुधार, तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बिठाने के लिए सीडीएस के पद का गठन किया गया। सीमाओं पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का नर्मिाण जारी है। सैनिक स्कूल खोले जा रहे हैं और सेनाओं में बेटियों को शामिल किए जाने से देश की ताकत बढ़ रही है। हमने विदेशी हथियारों, सिस्टम पर निर्भरता घटाने के लिए तीनों सशस्त्र सेनाओं ने आत्मनिर्भता का संकल्प लिया है। तीनों सेनाओं ने ये निर्णय लिया है कि 400 से अधिक साजो सामान अब विदेशों से नहीं खरीदे जाएंगे। अब यह देश के अंदर ही बनेंगे। ऐसे में जब देश का जवान भारत के अंदर बने हथियारों से लड़ेगा तो उसका विश्वास भी चरम पर होगा। आज भारत अपनी सेना की जरूरत को तो पूरा कर ही रहा है। बल्कि रक्षा उपकरणों का एक बड़ा निर्यातक भी बन रहा है। ब्रह्मोस, तेजस, प्रचंड भारत की शक्ति का पर्याय हैं।

### गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा, आज देश गुलामी की मानसिकता से भी छुटकारा पा रहा है। लंबे समय तक देश की राजधानी में गुलामी के प्रतीक राजपथ को अब कर्तव्य पथ के रूप में बदल दिया गया है। इंडिया गेट के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा हमारा मार्गदर्शन कर रही है। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पुलिस स्मारक नए भारत की पहचान हैं। कुछ समय पहले ही देश के गुलामी के प्रतीक से नौसेना को भी मुक्त किया गया है।



नई पहल

## रेलवे स्टेशनों पर रेल बोगी के अंदर रेस्तरां खोलेगा



- पिछले साल मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में खोला था रेस्तरां
- इसमें एक साथ 40 से अधिक लोग कर सकते हैं भोजन

**मुंबई (भाषा)।** मध्य रेलवे रेल कोच के अंदर भोजन करने वालों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करने के लिए जल्द ही महाराष्ट्र में चार और स्टेशनों पर रेस्तरां स्थापित करेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मध्य रेलवे ने पिछले साल मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) में इस तरह का एक रेस्तरां खोला था जबकि दूसरा रेस्तरां इस साल की शुरुआत में नागपुर स्टेशन पर स्थापित किया गया था। ये रेस्तरां रेल बोगी के अंदर बने होते हैं। इसमें एक साथ 40 से अधिक लोग भोजन कर सकते हैं। मध्य रेलवे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि जल्द ही इसी तरह के रेस्तरां अकुर्दी, चिंचवड़, बारामती (पुणे) और मिराज (सांगली) स्टेशनों पर खोले जाएंगे।

शिंदे का ऐलान

## अधिक बारिश से प्रभावित किसानों को देंगे मुआवजा



राज्य सरकार ने पिछले तीन महीनों में लोगों के हित में 72 बड़े फैसले लिए

**नागपुर (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने राज्य के कुछ हिस्सों में अत्यधिक बारिश के कारण फसलों के नुकसान के आकलन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं और आश्वासन दिया है कि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। विदर्भ क्षेत्र के गढ़चिरौली जिले के दौरे से पहले नागपुर हवाई अड्डे पर शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले तीन महीनों में लोगों के हित में 72 बड़े फैसले लिए हैं और वह विपक्ष की आलोचना का जवाब उनकी सरकार ने जो काम किया है, उसे दिखाकर देंगे। राज्य के कुछ हिस्सों में हाल ही में हुई अत्यधिक बारिश के कारण प्रभावित किसानों को मुआवजे के भुगतान की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने कहा कि उन्होंने युद्ध स्तर पर नुकसान का 'पंचनामा' करने के निर्देश दिए हैं।

भारत जोड़ो यात्रा

## राहुल गांधी ने साथियों, चालकों को दिवाली पर चांदी के सिक्के दिए



भारत के सच्चे मूल्यों में उनकी आस्था घृणा को पराजित करेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा में उनके साथ चल रहे 'भारत यात्रियों' और यात्रा के शिविर में काम करने वाले चालकों व कर्मियों को दिवाली की मुबारकबाद देने के साथ साथ उन्हें चांदी के सिक्के और मिठाइयां भेंट कीं। राहुल गांधी ने उन्हें दिये एक पत्र में उम्मीद जताई कि भारत के सच्चे मूल्यों में उनकी आस्था घृणा को पराजित करेगी और आगे का रास्ता दिखाएगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने पूरी यात्रा में उनके साथ चल रहे 'भारत यात्रियों' और चालकों तथा अन्य कर्मचारियों को चांदी के सिक्के और मिठाइयां भेंट कीं। उन्होंने सभी यात्रियों और शिविरों में कार्यरत लोगों को पत्र में कहा, ''हम सुंदर सी भारत जोड़ो यात्रा में साथ चले हैं। आपमें और भारत के सच्चे मूल्यों में आपका विश्वास नफरत को पराजित करेगा।

खबरों को अफवाह बताया

## तेजस्वी ने नीतीश की राजग में वापसी की अटकलें खारिज की



महागठबंधन पूरी तरह मजबूत, सभी साथियों का पूर्ण समर्थन मिल रहा

**पटना (भाषा)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि महागठबंधन के लोग पूरी मजबूती से एकसाथ हैं। यादव सत्तारूढ़ गठबंधन के सबसे बड़े घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उत्तराधिकारी माने जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी को महागठबंधन के सभी सहयोगियों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है और वह दो विधानसभा सीटों - मोकामा और गोपालगंज के उपचुनाव जीतने की उम्मीद कर रही है। दोनों सीटों के लिए उपचुनाव अगले सप्ताह होना है। यादव ने सोमवार को जहानाबाद में संवाददाताओं से कहा, ''सभी गठबंधन सहयोगियों ने तय किया था कि हम दोनों सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

मान का दावा

## पिछली सरकारों के नुकसान की भरपाई की कोशिश कर रहा



लोगों की समृद्धि के लिए राज्य की व्यवस्था में बदलाव करेगी सरकार

**लुधियाना(भाषा)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को दावा किया कि पिछली सरकार ने राज्य के संसाधनों को ''बेरहमी से लूटा'' और अब उनकी सरकार राज्य को हुये इस नुकसान की भरपाई करने की कोशिश कर रही है। मान ने राज्य स्तरीय समारोह में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों की प्रगति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए राज्य की पूरी व्यवस्था में बदलाव करेगी।" उन्होंने कहा कि इससे पहले की सरकारों ने राज्य की संपत्ति को 'बेरहमी से लूटा', जिससे प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई। मान ने दावा किया कि अब, भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद से, वह राज्य का पूर्ण सुधार सुनिश्चित करके राज्य को हुए नुकसान से उबारने की कोशिश कर रहे हैं।

## बिहार में डेंगू के मामले 8000 पार, हर रोज मिल रहे 250 के करीब मामले

**पटना (भाषा)।** बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान डेंगू के 244 नये मरीज सामने आये जिससे इस साल सामने आये इसके कुल मामलों की संख्या बढ़कर आठ हजार से अधिक हो गई। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में सामने आये डेंगू के 244 नये मामलों में पटना जिले के 189 मामले शामिल हैं। पिछले जनवरी से लेकर अबतक प्रदेश में सामने आये डेंगू के आठ हजार से अधिक मामलों में से 90 प्रतिशत मामले सितंबर से अबतक सामने आये हैं। बिहार में डेंगू से अबतक सात लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को डेंगू की रोकथाम के लिए किये जा रहे उपायों की स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के साथ समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री को प्रत्यय ने डेंगू के बढ़ते मामले और उसकी रोकथाम के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या बढ़ायी जाए पर्याप्त मात्रा में बिस्तर उपलब्ध रहें।



अगस्ता वेस्टलैंड

## पूर्व ब्रिगेडियर के खिलाफ सीबीआई ने रिश्वत केस बंद किया


- बिचौलिए मिशेल से कंपनी का पक्ष लेने के बदले में रिश्वत मांगने का था आरोप

**नई दिल्ली (भाषा)।** रिश्वतखोरी के आरोपों का समर्थन करने वाले कोई सबूत नहीं मिलने के बाद सीबीआई ने एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर के खिलाफ अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले को सात साल बाद बंद कर दिया। यह मामला सेना की उड्डयन शाखा से संबंधित रहे ब्रिगेडियर (अवकाशप्राप्त) वीएस सैनी को दोषी माना गया था। सैनी पर 2010 में हुए फील्ड मूल्यांकन परीक्षण के दौरान कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स से कंपनी का पक्ष लेने के बदले में रिश्वत मांगने का आरोप था। संपर्क करने पर सैनी ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# हिमाचल के नेता बुढ़ापे में भी 'जवान' जैसे

## 75+ की ऐज में विधायक बनने की होड़, 82 साल के शांडिल सबसे उम्रदराज

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल में विधानसभा चुनाव की बिसात बिछी गई है, लेकिन इनमें 70 से 80 साल के बुजुर्ग नेता भी फिर से अपना भाग्य आजमा रहे हैं और इनके जोश को देखकर हर कोई हैरान है। कर्मचारी 58 या 60 साल की उम्र में रिटायर कर दिए जाते हैं और नेता 80 साल में भी विधायक बनने के सपने देख रहे हैं। ऐसे नेताओं को इनका जोश बुढ़ापे में भी इन्हें जवान' बनाता है। कांग्रेस की ओर से नामांकन भरने वाले नेता एवं सोलन के विधायक कर्नल धनीराम शांडिल की उम्र सबसे ज्यादा 82 साल है। शांडिल का मुकाबला इनके ही दामाद डॉ. राजेश कश्यप से है। 2017 के चुनाव में भी धनीराम शांडिल अपने दामाद को हरा चुके हैं।



कौल ठाकुर (76 वर्ष)



धनीराम शांडिल (82)

### कौल 8 बार के विधायक

कांग्रेस में शांडिल के बाद सबसे उम्र दराज प्रत्याशी द्रंग से कांग्रेस के 8 बार के विधायक एवं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर हैं। इनकी उम्र 76 साल है। कौल सिंह का मुकाबला पूर्ण चंद ठाकुर के साथ है। चंबा के भरमौर से ठाकुर सिंह भरमौरी भी 75 साल के हैं। इन्हें चुनौती देने के लिए भाजपा ने डॉ. जनक राज को मैदान में उतारा है।

### रामलाल भी 70 पार

बिलासपुर के श्री नयना देवी जी से कांग्रेस प्रत्याशी एवं मौजूदा विधायक ठाकुर राम लाल को पार्टी ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। राम लाल की उम्र भी 71 साल हो गई है। इनकी टक्कर भाजपा के तेज तर्रार नेता रणधीर शर्मा से है।

### भाजपा में महेश्वर सबसे उम्रदराज

भाजपा की ओर से सबसे उम्र दराज प्रत्याशी कुल्लू से 73 साल के महेश्वर सिंह हैं। इनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से है। ज्वालामुखी से भाजपा विधायक रमेश चंद ध्वाला भी 71 साल के हैं। पार्टी ने इस इन्हें देहरा से टिकट दिया है। यहां इनका मुकाबला कांग्रेस के डॉ. राजेश और निर्दलीय होशियार सिंह से है।

### शिमला के नेता की बदली सीट

भाजपा ने शिमला शहरी के 70 साल के विधायक सुरेश भारद्वाज को इस बार कुसुम्पटी से टिकट दिया है। यहां इनकी टक्कर कांग्रेस के 2 बार के विधायक अनिरुद्ध सिंह से है। हिमाचल में कांग्रेस की टिकट नहीं मिलने से खासकर युवा वर्ग मायूस है। कांग्रेस की यंग ब्रिगेड ने टिकट नहीं मिलने से अपना काम तक रोक दिया है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि जब 70 से 80 साल के नेता ही जब चुनावी मैदान नहीं छोड़ेंगे तो युवाओं को कैसे मौका मिलेगा।

## सेंसेक्स 288 अंक टूटा, गिरावट के साथ 59,543.96 अंक पर बंद हुआ

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में सात दिन से जारी तेजी थमी

भाषा ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लग गया और बीएसई सेंसेक्स 287.70 अंक टूटकर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के बीच निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती तेजी को कायम नहीं रख सका और 287.70 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,543.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 60,081.24 अंक के उच्चस्तर तक गया और 59,489.02 के निचले स्तर तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 74.40 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,656.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले इंडिया के शेयर में सबसे अधिक 2.83 प्रतिशत की गिरावट आई। नेस्ले इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, मारुति, लार्सन एंड टुब्रो, डॉ रेड्डीज, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी और एमएंडएम के शेयर मजबूती लेकर बंद हुए। व्यापक बाजार में बीएसई का स्मॉलकैप 0.35 प्रतिशत गिर गया जबकि मिडकैप 0.45 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे, जबकि जापान का निक्की लाभ लेकर बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट सोमवार को बढ़त में बंद हुआ।

### मुहूर्त कारोबार में सेंसेक्स चढ़ा था

हिंदू संवत वर्ष 2079 की शुरुआत के मौके पर विशेष एक घंटे के मुहूर्त कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 524.51 अंक चढ़कर 59,831.66 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 154.45 अंक या 0.88 प्रतिशत की तेजी दर्शाता 17,730.75 पर बंद हुआ था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.08 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को 153.89 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। शेयर बाजार दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर बुधवार (26 अक्टूबर) को बंद रहेंगे।

### चीन की वृद्धि दर तीसरी तिमाही में बढ़कर 3.9 प्रतिशत, पर बार-बार 'लॉकडाउन' से रफ्तार सुस्त

**बीजिंग (एपी)।** चीन में आर्थिक वृद्धि दर जुलाई-सितंबर तिमाही में तेज हुई है लेकिन इसकी गति अभी भी यह एक दशक में सबसे धीमी है। कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिये बार-बार लगाये गये 'लॉकडाउन' से आर्थिक वृद्धि दर की रफ्तार सुस्त पड़ी है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सालाना आधार पर 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में 3.9 प्रतिशत रही।

इसके साथ, इस साल के पहले नौ महीने में आर्थिक वृद्धि दर तीन प्रतिशत रही। आर्थिक वृद्धि के आंकड़े सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक के दौरान पिछले सप्ताह जारी होने थे। लेकिन इसे टाल दिया गया था। इससे पहले, अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर में तिमाही आधार पर 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

## सोना 196 रुपये टूटा, चांदी 724 रुपये लुढ़की

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 196 रुपये टूटकर 50,702 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,898 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। इसी प्रकार, कॉमेक्स में सोने की हाजिर कीमत मामूली गिरावट के साथ 1,643.2 डॉलर प्रति औंस रह गया जो सोमवार को 1,649.3 था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''जोखिम लेने की धारणा कमजोर होने के बाद कॉमेक्स में सोने की कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक बाजारों से संकेत लेते हुए सोने की घरेलू कीमतों में गिरावट आई।'' राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत भी 724 रुपये टूटकर 57,501 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 58,225 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। मंगलवार को कॉमेक्स में चांदी की हाजिर कीमत 18.96 डॉलर प्रति औंस रही जो सोमवार को 19.21 डॉलर प्रति औंस थी। उन्होंने कहा, ''कॉमेक्स में सोने को 1,615 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर समर्थन है तथा 1,690 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर प्रतिरोध है। सर्राफा बाजार के लिए निकट अवधि में मंदी का रुख रहने की संभावना है।'' अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे के सुधार के साथ 82.81 रुपये पर बंद हुआ।

## रिलायंस 'रोवन' ब्रांड के जरिये सस्ते खिलौनों की पेशकश करेगी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ 2019 में रिलायंस ने उसका अधिग्रहण किया था

रिलायंस रिटेल तेजी से बढ़ते खिलौना क्षेत्र में अपने ब्रांड रोवन के जरिये कारोबार का विस्तार कर रही है। इसके जरिये वह छोटी दुकानों में सस्ते खिलौने उपलब्ध करवाएगी।

कंपनी रोवन के जरिये अपने खिलौना वितरण कारोबार का परिचालन करती आ रही है। अब उसने अपने इस ब्रांड का पहला विशिष्ट ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) बीती तिमाही में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गुरुग्राम में खोला है। इस स्टोर का आकार 1,400 वर्गफुट है। उद्योग के सूत्रों ने बताया कि इस तरह रिलायंस रिटेल में सस्ते ब्रांड के खिलौनों की बड़ी श्रृंखला उपलब्ध होगी जिसमें रोवन के अलावा कई और ब्रांड भी होंगे। उसके यहां ब्रिटेन की खिलौना ब्रांड हेमलीज के उत्पाद भी मिलते हैं।

हेमलीज खिलौनों की दुनिया की सबसे पुरानी खुदरा विक्रेता है और 2019 में रिलायंस ने उसका अधिग्रहण किया था। सूत्रों ने बताया कि इस ब्रांड की पेशकश महंगी श्रेणी की ही होगी जबकि रोवन रिलायंस रिटेल को अपनी किफायती पेशकश के जरिये व्यापक और कम महंगे खिलौनों की श्रेणी में जगह बनाने में मदद देगी। इसके अलावा हेमलीज के स्टोर जहां बड़े आकार के होते हैं जबकि रोवन के स्टोर का आकार उनसे छोटा और 500-1,000 वर्गफुट के बीच होगा। रिलायंस रिटेल के रणनीति एवं कारोबार विकास प्रमुख गौरव जैन ने कहा, ''हमने रोवन की शुरुआत की है जो खिलौना स्टोर का नया और छोटे आकार का प्रारूप है और यहां सस्ते खिलौने बिकेंगे।''

## रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 82.81 प्रति डॉलर पर

भाषा ▶▶ मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बाद निवेशकों की कारोबारी धारणा में सुधार से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 82.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.71 पर खुला और बाद में इसने 82.62 के उच्चस्तर तथा 82.81 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 82.81 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुक्रवार को पिछले कारोबारी सत्र में रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 82.88 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। दिवाली के मौके पर सोमवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद रहे। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक बढ़त के साथ 111.98 पर था। इधर, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 287.70 अंक घटकर 59,543.96 अंक पर बंद हुआ। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.59 प्रतिशत घटकर 91.78 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

## भारत बॉन्ड ईटीएफ का चौथा चरण दिसंबर में शुरू होने की संभावना

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सरकार दिसंबर में देश के पहले कॉरपोरेट बॉन्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड भारत बॉन्ड (ईटीएफ) का चौथी चरण शुरू करने की योजना बना रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके जरिये जुटाई गई पूंजी का उपयोग सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) द्वारा पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''अभी हम सीपीएसई के साथ चर्चा और उनकी जरूरतों का आकलन कर रहे हैं। भारत बॉन्ड ईटीएफ की चौथी किस्त या चरण के लिए निर्गम का आकार पिछले साल के आकार के करीब हो सकता है।'' सरकार ने पिछले साल दिसंबर में 1,000 करोड़ रुपये का तीसरा चरण पेश किया था। इस दौरान इसे 6,200 करोड़ रुपये की बोलियों के साथ 6.2 गुना अधिक अभिदान मिला था। वर्ष 2019 में बॉन्ड ईटीएफ की पहली पेशकश की गई थी। सीपीएसई को इसके जरिये 12,400 करोड़ रुपये जुटाने में मदद मिली। इसने दूसरे और तीसरे चरण में क्रमशः 11,000 करोड़ रुपये और 6,200 करोड़ रुपये जुटाए थे। ईटीएफ ने अबतक अपनी तीन पेशकशों में 29,600 करोड़ रुपये जुटाए हैं। भारत बॉन्ड ईटीएफ केवल सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के 'एएए' रेटिंग वाले बॉन्ड में निवेश करता है। एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट इस योजना की पूंजी प्रबंधक है। ईटीएफ के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां 2019 से शुरू होने के बाद से अब तक 50,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं। वर्तमान में ईटीएफ के लिए पांच भिन्न-भिन्न परिपक्वता अवधि हैं...2023, 2025, 2030, 2031 और 2032...।

## संगीता वर्मा प्रतिस्पर्धा आयोग की कार्यवाहक प्रमुख नियुक्त

### वर्तमान में सीसीआई की सदस्य हैं वर्मा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को संगीता वर्मा को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) का कार्यवाहक चेयरपर्सन नियुक्त किया।

यह नियुक्ति पूर्णकालिक चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता के मंगलवार को पद छोड़ने के बाद हुई है। वर्मा वर्तमान में सीसीआई की सदस्य हैं। इस संबंध में जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, ''वर्मा की नियुक्ति बुधवार से तीन महीने की अवधि, नियमित चेयरमैन की नियुक्ति तक या किसी भी अगले आदेश तक प्रभावी है।''

उल्लेखनीय है कि गुप्ता ने सीसीआई चेयरमैन के रूप में नवंबर, 2018 में पदभार संभाला था।

## भारत 2025 से हरित ऊर्जा का निर्यात शुरू करेगा

भाषा ▶▶ सिंगापुर

■ ग्रीनको और सिंगापुर की केप्पल के बीच करार

भारत 2025 से हरित ऊर्जा का निर्यात शुरू कर देगा और पहली खेप सिंगापुर के बिजली संयंत्र को भेजी जाएगी।

इस बाबत एक भारतीय कंपनी और सिंगापुर की ऊर्जा कंपनी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी ग्रीनको और सिंगापुर की केप्पल इन्फ्रास्ट्रक्चर ने सिंगापुर स्थित केप्पल के नए 600 मेगावॉट के ऊर्जा संयंत्र के लिए सालाना 2,50,000 टन की ऊर्जा आपूर्ति के लिए अनुबंध किया है। एमओयू पर हस्ताक्षर 'सिंगापुर इंटरनेशनल एनर्जी वीक' से इतर किए गए। ग्रीनको समूह के अध्यक्ष एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक महेश कोली ने कहा, ''भारत 2025 से पहली बार ऊर्जा का निर्यात करेगा।'' उन्होंने कहा कि ग्रीनको 2025-26 के बाद हरित हाइड्रोजन का निर्यात भी करेगी। उन्होंने अनुमान जताया कि हरित ईंधन की मांग सालाना पांच करोड़ टन होगी जिसमें से 1.5 करोड़ टन जलपोतों में इस्तेमाल होने वाला ईंधन होगा। ग्रीनको ने पिछले महीने दक्षिण कोरिया की इस्पात और ऊर्जा उत्पादक पॉस्को को सालाना 10 लाख टन हरित अमोनिया की आपूर्ति के लिए एक समझौता किया था। यह आपूर्ति भी 2025-26 से शुरू होने का अनुमान है। कोली ने बताया कि ग्रीनको की कुल मिलाकर 30 लाख टन हरित अमोनिया के उत्पादन की योजना है जिससे घरेलू मांग की भी पूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि हरित अमोनिया के इस्तेमाल से भारत के आयात में करीब 60 लाख टन अमोनिया और यूरिया की कटौती की जा सकेगी।

केप्पल के साथ हुए समझौते का स्वागत करते हुए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ''बीते कुछ वर्षों में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अद्वितीय शक्ति का प्रदर्शन किया है और प्रतिस्पर्धी दरों पर हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में इसी वजह से तेजी आई है।''

## भारत 28 साल में पहली बार आईसीएओ की हवाई परिवहन समिति की अध्यक्षता करेगा

**नई दिल्ली।** भारत के प्रतिनिधि 28 साल में पहली बार अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) में हवाई परिवहन समिति की अध्यक्षता करेंगे। भारत वर्ष 1944 से सदस्य के रूप में आईसीएओ परिषद में है। 'इंडिया एट आईसीएओ' के ट्वीट के अनुसार, भारत 28 वर्षों के बाद हवाई परिवहन समिति की अध्यक्षता करने जा रहा है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को एक ट्वीट में कहा, ''बढ़िया खबर। यह वैश्विक विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की स्थिति और सबसे बड़ा नागर विमानन बाजार बनने की दिशा में हमारी यात्रा को मजबूत करता है।'' केंद्रीय मंत्री ने आईसीएओ में भारत की प्रतिनिधि शेफाली जुनेजा को भी बधाई दी।

## बायोकॉन प्रमुख किरण मजूमदार शॉ के पति जॉन शॉ का निधन

भाषा ▶▶ बेंगलुरु



बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ के पति जॉन शॉ का सोमवार सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 73 वर्ष के थे। उन्होंने बताया कि शॉ को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। उन्हें कैंसर की बीमारी थी, जिसका कुछ समय से इलाज चल रहा था। एक अधिकारी ने कहा, ''अत्यंत दुख के साथ हम आपको सूचित कर रहे हैं कि किरण शॉ के पति और बायोकॉन लिमिटेड के पूर्व उपाध्यक्ष जॉन शॉ का 24 अक्टूबर 2022 को निधन हो गया।'' इंफोसिस के पूर्व निदेशक टी वी मोहनदास पई ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, ''किरण मजूमदार-शॉ के पति जॉन शॉ का निधन हो गया है। एक असाधारण व्यक्ति, बेहद सज्जन, स्नेही, दयालु, सकारात्मक, हमेशा मददगार, भारत से प्यार करने वाले, भारत निर्माण में योगदान करने वाले जॉन! हम आपको याद करेंगे, ओम शांति।''

## एप्पल का वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को 2030 तक कार्बन मुक्त करने का आह्वान

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एप्पल ने मंगलवार को अपनी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को 2030 तक कार्बन मुक्त होने को कहा है। कंपनी अपने प्रमुख विनिर्माण भागीदारों के एप्पल से संबंधित कार्यों को कार्बन मुक्त करने और इसकी वार्षिक प्रगति का आकलन करेगी। कंपनी ने एक संदेश में कहा कि कैलिफोर्निया मुख्यालय वाली एप्पल 2020 से अपने वैश्विक कॉरपोरेट संचालन के लिए कार्बन निरपेक्ष रही है। कंपनी अपनी संपूर्ण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और हर उत्पाद के जीवन चक्र में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य पर काम कर रही है। संदेश में कहा गया है, ''एप्पल 2030 तक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को कार्बन मुक्त करने का आह्वान करती है।''

## सुनक की पत्नी अक्षता को इन्फोसिस से 126.61 करोड़ रुपये का लाभांश मिला

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति को भारत की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस में अपनी हिस्सेदारी के लिए 2022 में 126.61 करोड़ रुपये का लाभांश मिला।

गौरतलब है कि अक्षता को ब्रिटेन से बाहर अपनी आय पर कर स्थिति के चलते विवादों का सामना करना पड़ा था। शेयर बाजारों को उपलब्ध कराई गई सूचना के मुताबिक, इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता के पास सितंबर के अंत में इन्फोसिस के 3.89 करोड़ या 0.93 प्रतिशत शेयर थे। बीएसई पर मंगलवार को 1,527.40 रुपये प्रति शेयर के भाव पर उनकी हिस्सेदारी 5,956 करोड़ रुपये की है। इन्फोसिस ने इस साल 31 मई को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 16 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश का भुगतान किया। कंपनी द्वारा शेयर बाजारों को दी जानकारी के मुताबिक उसने चालू वर्ष के लिए 16.5 रुपये के अंतरिम लाभांश की घोषणा की है। दोनों लाभांश का कुल योग 32.5 रुपये प्रति शेयर है। इस तरह अक्षता को लाभांश के रूप में 126.61 करोड़ रुपये मिले।

## भारत ने चीन से खूब मंगाए सामान! सिर्फ 9 माह में व्यापार घाटा 75 बिलियन डॉलर के पार

भारत और चीन के बीच व्यापार बढ़ता ही जा रहा है। चीन के सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी व्यापार आंकड़ों के मुताबिक 2022 के पहले नौ महीनों में व्यापार 100 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। इस दौरान भारत का व्यापार घाटा 75 अरब डॉलर से अधिक था। इस अवधि में कुल द्विपक्षीय व्यापार 103.63 अरब डॉलर तक चला गया, जो पिछले साल इसी अवधि के मुकाबले 14.6 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों में कहा गया कि भारत को चीन का निर्यात 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 89.66 अरब डॉलर पर पहुंच गया। दूसरी ओर इन नौ महीनों में भारत का निर्यात 36.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13.97 अरब डॉलर रहा। इसके चलते कुल व्यापार घाटा 75.69 अरब डॉलर से अधिक हो गया। 2021 में क्या थे हालात: पिछले साल भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड 125 अरब डॉलर के स्तर को पार कर गया था। पिछले साल, भारत को चीन का निर्यात 46.2 प्रतिशत बढ़कर 97.52 अरब डॉलर हो गया था। इस दौरान चीन को भारत का निर्यात 34.2 प्रतिशत बढ़कर 28.14 अरब डॉलर रहा



## भारत में एक अरब डॉलर का ब्रांड बना 'स्प्राइट'

**नई दिल्ली (भाषा)।** कोका-कोला का नींबू और नींबू के स्वाद वाला शीतल पेय 'स्प्राइट' भारतीय बाजार में एक अरब डॉलर का ब्रांड बन गया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने इस साल की तीसरी तिमाही में अपने भारतीय कारोबार में मात्रा के लिहाज से 'मजबूत' वृद्धि दर्ज की है। इसकी इस शानदार वृद्धि में सॉफ्ट ड्रिंक पोर्टफोलियो और फ्रूट ड्रिंक ब्रांड माजा का योगदान रहा है। कोका-कोला कंपनी के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेम्स क्विन्सी ने भारतीय बाजार में कंपनी के प्रदर्शन की जानकारी देते हुए कहा, ''ट्रेडमार्क कोक ने प्रभावी निष्पादन और अवसर आधारित विपणन के जरिये मजबूत वृद्धि दर्ज की है।'' उन्होंने कहा, ''हमने वापसी योग्य कांच की बोतलों और एकल-सेवा पीईटी पैकेजों के विस्तार के जरिये किफायती कीमत पर भारत में 2.5 अरब लेनदेन किए हैं।''

## जैक्सन ग्रीन राजस्थान में 22,400 करोड़ का करेगी निवेश

■ हरित हाइड्रोजन, अमोनिया परियोजना में कारोबार करेगी कंपनी

**नई दिल्ली (भाषा)।** जैक्सन ग्रीन राजस्थान में हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया परियोजना स्थापित करने के लिए 22,400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने इस संबंध में एक समझौता किया है, जिसके तहत चरणबद्ध ढंग से यह निवेश किया जाएगा। जैक्सन ग्रीन ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने राजस्थान सरकार के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। जैक्सन ग्रीन चरणबद्ध तरीके से 3,65,000 टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता वाला ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया संयंत्र स्थापित करेगी। इसमें एक एकीकृत हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परिसर भी शामिल है। इस परियोजना से 2023 और 2028 के बीच योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न चरणों में कुल 32,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। एमओयू पर जैक्सन ग्रीन के वैश्विक मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विश अय्यर और राजस्थान सरकार के प्रमुख सचिव ऊर्जा भास्कर एस सावंत ने हस्ताक्षर किए। सावंत ने कहा, ''जैक्सन ग्रीन के साथ यह समझौता राज्य की निवेशक केंद्रित नीतियों को दर्शाता है।'' जैकसन के संस्थापक प्रवर्तक, प्रबंध निदेशक और सीईओ बिकेश ओगरा ने कहा, ''हम इस साझेदारी के लिए और राज्य को एक लोकप्रिय हरित हाइड्रोजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए राजस्थान सरकार की सराहना करते हैं।''

## रिलायंस साल के अंत तक चालू करेगी नया गैस 'कन्डेनसेट फील्ड'

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ दोनों केजी-डी6 ब्लॉक में गहरे जल क्षेत्र में स्थित क्षेत्र से उत्पादन के लिये समुद्री क्षेत्र में काम करने वाली उत्पादन प्रणाली का उपयोग करेंगी।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. बंगाल की खाड़ी में स्थित ब्लॉक केजी-डी6 में गहरे जल क्षेत्र में स्थित एमजे गैस कन्डेनसेट (तरल हाइड्रोकार्बन) फील्ड इस साल के अंत तक चालू करेगी। इससे देश के कुल प्राकृतिक गैस उत्पादन में 30 प्रतिशत तक वृद्धि होगी।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (खोज और उत्पादन) संजय राय ने कहा, ''एमजे गैस कन्डेनसेट फील्ड परियोजना पटरी पर है। इस साल के अंत तक गैस उत्पादन की उम्मीद है।'' उन्होंने कंपनी की दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे की घोषणा के बाद निवेशकों के साथ बातचीत में यह कहा। रिलायंस और उसकी भागीदार बीपी ने पूर्वी अपतटीय क्षेत्र के ब्लॉक में जो खोज की है, उसमें एमजे तीसरा और अंतिम समूह है। इसे दोनों कंपनियां विकसित कर रही हैं। दोनों केजी-डी6 ब्लॉक में गहरे जल क्षेत्र में स्थित क्षेत्र से उत्पादन के लिये समुद्री क्षेत्र में काम करने वाली उत्पादन प्रणाली का उपयोग करेंगी।

राय ने कहा, ''...उत्पादन प्रणाली स्थापित की जा चुकी है। दूसरे चरण की खुदाई और उसे पूरा करने का काम फिलहाल जारी है। हमने एक कुआं में काम पूरा कर लिया है और उसके बाद सात कुओं को लेकर काम पटरी पर है। रिलायंस और बीपी केजी-डी6 में तीन अलग-अलग परियोजनाओं पर पांच अरब डॉलर निवेश कर रही हैं। ये हैं...आर-कलस्टर, सेटेलाइट कलस्टर और एमजे। इन तीनों क्षेत्रों से 2023 तक करीब तीन करोड़ घन मीटर प्रतिदिन गैस उत्पादन की उम्मीद है।

इसमें से आर-कलस्टर से दिसंबर 2020 में उत्पादन शुरू हुआ, जबकि सेटेलाइट कलस्टर पिछले साल अप्रैल में परिचालन में आया। आर कल्स्टर में उत्पादन अपने चरम पर करीब 1.29 करोड़ घन मीटर प्रतिदिन पहुंच चुका है जबकि सेटेलाइट कलस्टर में अधिकतम उत्पादन 60 लाख घन मीटर प्रतिदिन अनुमानित है। एमजे फील्ड से अधिकतम 1.2 करोड़ घन मीटर गैस उत्पादन की उम्मीद है। रिलायंस ने केजी-डी6 ब्लॉक में अबतक 19 गैस क्षेत्र की खोज की है। इनमें से सबसे बड़े डी-1 और डी-3 से उत्पादन 2009 में शुरू हुआ। और ब्लॉक में एकमात्र तेल फील्ड एमए से उत्पादन 2008 में शुरू हुआ। इसमें से एमए फील्ड से उत्पादन 2019 में बंद हो गया। डी-1 और डी-3 से उत्पादन फरवरी 2020 से रूक गया। उत्पादन समयसीमा का पालन नहीं होने से अन्य क्षेत्र या तो सौंप दिये गये या फिर सरकार ने उसे ले लिया। रिलायंस के पास केजी-डी6 में 66.67 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि बीपी के पास शेष 33.33 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## राज्यों के कर्ज की लागत 0.12 प्रतिशत बढ़कर 7.84 प्रतिशत

**मुंबई (भाषा)।** राज्यों के लिये बाजार से कर्ज जुटाने की औसत लागत ताजा नीलामी में 0.12 प्रतिशत बढ़कर 7.84 प्रतिशत पर पहुंच गई है। केंद्र के लिए यह स्थिर रही है। लगातार चार सप्ताह तक बढ़ने के बाद 18 अक्टूबर को हुई नीलामी में राज्यों के कर्ज की लागत 0.11 प्रतिशत घटकर 7.72 प्रतिशत रह गई थी। इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कर्ज की भारांश औसत लागत (कट ऑफ) 0.12 प्रतिशत बढ़कर 7.84 प्रतिशत हो गयी जो पिछली नीलामी में 7.72 प्रतिशत थी। भारांश औसत अवधि 12 साल से बढ़कर 13 साल होने से कर्ज लागत बढ़ी है।

**खबर संक्षेप**



## बास्केटबॉल खिलाड़ी ग्रिनर की सजा बरकरार

**मास्को।** रूस की एक अदालत ने अमेरिकी बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर की अपील को खारिज करते हुए ड्रग रखने के आरोप में उन्हें दी गई नौ साल की जेल की सजा को बरकरार रखा है। फीनिक्स मर्क्यूरी की खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ग्रिनर को चार अगस्त को दोषी ठहराया गया था। पुलिस ने कहा कि मॉस्को के शेरेमेतियोवो हवाई अड्डे पर उनके सामान में भांग मिली थी। मास्को की अदालत ने मंगलवार को उनकी सजा बरकरार रखी। उनकी सजा में एक दिन को 1.5 दिन की जेल के रूप में गिना जाएगा, इसलिए इस खिलाड़ी को नौ साल से कम जेल की सजा काटनी होगी।

## सैम्पडोरिया ने क्रेमोनीज को हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की

**मिलान।** सैम्पडोरिया ने सीरी ए (इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मुकाबले में सोमवार को क्रेमोनीज पर 1-0 की जीत के साथ मौजूदा सत्र में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। उमर कोली ने मैच का इकलौता गोल 78वें मिनट में किया। इस जीत से टीम तालिका में सबसे निचले स्थान से दो पायदान ऊपर 18वें स्थान पर आ गयी। टीम के नाम 11 मैचों में छह अंक हैं। इस मैच से पहले 18वें स्थान पर रही क्रेमोनीज की टीम 20वें स्थान पर खिसक गयी। टीम को अब भी सत्र की पहली जीत का इंतजार है।



## फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के पहले दौर में सेन का सामना श्रीकांत से

**पेरिस।** राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन का सामना मंगलवार से यहां शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के पहले दौर में किदाम्बी श्रीकांत से होगा। सेन और श्रीकांत विश्व रैंकिंग में क्रमशः आठवें और 11वें स्थान पर हैं। दोनों कैरियर में दूसरी बार आमने सामने होंगे। सेन डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में जापान के कोडाइ नाराओका से हार गए थे। इससे पहले श्रीकांत ने 2021 विश्व चैम्पियनशिप में सेन को हराया था जिसमें उन्होंने रजत पदक जीता था। इस मैच के विजेता का सामना अगले दौर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से हो सकता है। एच एस प्रणय को पहले दौर में मलेशिया के डारेन लियू से खेलना है जिनके खिलाफ उनका 7-4 का रिकॉर्ड है।

### टी-20 विश्व कप: सात विकेट से मात देकर कंगारूओं ने की वापसी

# स्टोयनिस की आतिशी पारी से ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को रौंदा

भाषा ⏭ पर्थ



मार्कस स्टोयनिस की 18 गेंद में नाबाद 59 रन की आतिशी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में ग्रुप एक के मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में दमदार वापसी की। मैन ऑफ द मैच स्टोयनिस ने अपनी पारी में चार चौके और छह छक्के जड़ मैच का रूख पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया की ओर मोड़ दिया। आस्ट्रेलिया की तरफ से यह टी20 में सबसे तेज अर्धशतक है। श्रीलंका ने चरिथ असलंका की नाबाद 38 रन की आक्रामक पारी के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 157 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ने 16.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान आरोन फिंच 31 रन बनाकर नाबाद रहे। फिंच अपनी 42 गेंद की पारी के दौरान कभी सहज नहीं दिखे तो वही स्टोयनिस ने क्रीज पर कदम रखते ही ताबड़तोड़ शॉट खेले। उन्होंने 17 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो युवराज सिंह के बाद टी20 विश्व कप का दूसरे सबसे तेज अर्धशतक है। स्टोयनिस और फिंच ने 25 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने भी 12 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 23 रन बनाये। श्रीलंका के अबूझ स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने तीन ओवर में 53 रन लुटाये। महीश तीक्षणा ने तीन ओवर में एक विकेट लेकर 23 रन दिये। श्रीलंका के बल्लेबाज शुरुआती ओवरों में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे लेकिन आखिरी दो ओवरों में 31 रन जोड़कर टीम ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। असलंका ने 25 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और दो छक्के जड़े। उन्हें चमिका करुणारत्ने (सात गेंद में नाबाद 14 रन) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने सातवें विकेट के लिए आखिरी 15 गेंद में 37 रन की अटूट साझेदारी की। टीम के लिए पथुम निसंका ने 45 गेंद में 40 और धनंजय डिसिल्वा 23 गेंद में 26 रन ने दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, ऐशटन अगर और मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिये।

लक्ष्य का बचाव करते हुए श्रीलंका को पहले ओवर में ही झटका लगा जब तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ा पड़ा। उनके पहले ओवर को डिसिल्वा ने पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया को भी शुरुआती ओवरों में रन बनाने के लिए जूझना पड़ा। टीम पावर प्ले में बल्ले से एक भी बाउंड्री नहीं लगा सकी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहली बार हुआ जब ऑस्ट्रेलिया की यह टीम पावर प्ले में एक भी बाउंड्री नहीं लगा सकी।

इस बीच पांचवें ओवर में महीश तीक्षणा ने डेविड वार्नर की नौ गेंद में 11 रन की पारी को खत्म किया। पावर प्ले में एक विकेट पर 33 रन बनाने के बाद मार्श ने आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए हसरांगा के खिलाफ चौका और छक्का लगाकर टीम की बाउंड्री का खाता खोला। इस ओवर से 15 रन बने। अब तक रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे फिंच ने नौवें ओवर में डिसिल्वा के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन इसी ओवर में मार्श 17 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हो गये। मैक्सवेल ने क्रीज पर कदम रखते ही 10वें ओवर में हसरंगा के खिलाफ दो छक्के और एक चौका जड़ ओवर से 19 रन बटोरो। तीक्षणा ने इसके बाद मेडन ओवर फेंका। मैच के 13वें ओवर में करूणारत्ने की गेंद पर फिंच को जीवनदान मिला लेकिन अगली गेंद पर मैक्सवेल आउट हो गये। स्टोइनिस ने क्रीज पर कदम रखते ही बाउंड्री की बारिश शुरू कर दी। उन्होंने हसरंगा के ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाने के बाद शुरुआती दो ओवर में तीन रन देने वाले तीक्षणा के द्वारा किये गये 16वें ओवर में तीन छक्के जड़ अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पावर प्ले में जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ने श्रीलंका को एक विकेट पर 36 रन ही बनाने दिये। कमिंस ने इस दौरान दूसरे ओवर में कुसल मेंडिस को मिशेल मार्श के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलायी। पथुम निसंका ने चौथे और छठे ओवर में हेजलवुड के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन टीम रन गति को तेज करने में विफल रही। धनंजय डिसिल्वा ने कोविड-19 पॉजिटिव एडम जंपा की जगह टीम में शामिल हुए स्पिनर एशटन एगर के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन टीम आठवें से 10वें ओवर तक एक भी बड़ा शॉट नही खेल सकी।

**श्रीलंका- 157/6(20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पथुम निसंका रन आउट | 40 |
| कुसल मेंडिस का मार्श बो कमिंस | 05 |
| डिसिल्वा का वार्नर बो एगर | 26 |
| चरिथ असलंका नाबाद | 38 |
| राजपक्षे का कमिंस बो स्टार्क | 07 |
| शनाका का वेड बो मैक्सवेल | 03 |
| वानिंदु का वेड बो हेजलवुड | 01 |
| चमिका करुणारत्ने नाबाद | 14 |

अतिरिक्तः (बाईः 06, लेगबाईः 05 वाइडः 12) 23
कुल योगः (20 ओवर में छह विकेट पर) 157 रन
विकेट पतनः 1-6, 2-75, 3-97, 4-106, 5-111, 6-120
गेंदबाजीः हेजलवुड 4-0-26-1, कमिंस 4-0-36-1, स्टार्क 4-0-23-1, एगर 4-0-25-1, स्टोयनिश 2-0-17-0

**ऑस्ट्रेलिया-158/3 (16.3)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| वार्नर का शनाका बो तीक्षणा | 11 |
| आरोन फिंच नाबाद | 31 |
| मिशेल का राजपक्षा बो डिसिल्वा | 18 |
| मैक्सवेल का (बंडारा) बो करूणारत्ने | 23 |
| मार्कस स्टोयनिस नाबाद | 59 |

अतिरिक्तः (बाईः 04, लेग बाईः02 , वाइडः10,) 16
कुल योगः (16.3 ओवर में तीन विकेट पर) 158 रन
विकेट पतनः 1-26, 2-60, 3-89
गेंदबाजीः फर्नांडो 0.5-0-5-0, डिसिल्वा 2.1-0-18-1, लाहिरु 3.3-0-22-0, करुणारत्ने 3-0-21-1, तीक्षणा 3-0-23-1, हसरंगा 3-0-53-0, शनाका 1-0-10-0





## दक्षिण अफ्रीका पर फिर गिरी बारिश की गाज

भाषा ⏭ होबार्ट

बारिश के कारण एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप का मैच जीतने से वंचित रह गई। जिम्बाब्वे ने उसे टी20 विश्व कप में नौ ओवर में 80 रन का लक्ष्य दिया था जो बाद में सात ओवर का 64 रन कर दिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने बिना किसी नुकसान के 51 रन बना लिये थे लेकिन बारिश एक बार फिर उसकी दुश्मन साबित हुई। बार बार बारिश के कारण मैच रद्द कर दिया गया। क्विंटन डिकॉक 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाकर खेल रहे थे। तीन दशक पहले 1992 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को बारिश का कहर झेलना पड़ा था। उस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टीम की वापसी ही हुई थी। इससे पहले हरफनमौला वेसले माधेवेरे के 18 गेंद में 35 रन की मदद से जिम्बाब्वे ने वर्षाबाधित मैच में नौ ओवर में पांच विकेट पर 79 रन बनाये। वेसले को 11 रन पर जीवनदान मिला जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। एक समय जिम्बाब्वे का स्कोर चौथे ओवर में चार विकेट पर 19 रन था। बारिश के कारण मैच दो घंटे विलंब से शुरू हुआ। इसकी वजह से मैच प्रति ओवर नौ टीम का कर दिया गया जिसमें पावरप्ले के तीन ओवर थे। जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग इरविन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का हैरानी भरा फैसला लिया क्योंकि बारिश के कारण डकवर्थ लुईस प्रणाली से मैच का फैसला होने की संभावना थी।

## पेन ने विवादित केपटाउन टेस्ट के बाद दक्षिण अफ्रीका पर लगाया गेंद से छेड़छाड़ का आरोप


**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने 2018 में विश्व क्रिकेट को हिला देने वाले केपटाउन टेस्ट सैंडपेपर-गेट (रेगमाल से गेंद को रगड़ना) के कुछ ही दिनों बाद दक्षिण अफ्रीका पर जोहानिसबर्ग टेस्ट मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। चार मैचों की श्रृंखला के केप टाउन में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ के आरोप में कैमरन बैनक्रॉफ्ट पर नौ महीने जबकि कप्तान स्टीव स्मिथ और उपकप्तान डेविड वार्नर पर एक साल का अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाया गया था। इस घटना ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सांस्कृतिक समीक्षा को भी प्रेरित किया। इस मैच के बाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की बागडोर संभालने वाले पेन ने अपनी नयी किताब में दावा किया कि जोहानिसबर्ग के न्यू वांडरर्स स्टेडियम में चौथे टेस्ट के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने भी गेंद से छेड़छाड़ की थी। पेन ने अपनी नयी आत्मकथा ' द पेड प्राइस' में लिखा, '' मैंने उस श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उन्हें ऐसा करते हुए देखा था। केपटाउन में जो कुछ भी हुआ था, उसके बाद तमाम सुर्खियां, प्रतिबंध और इन चीजों के साथ खेल जारी रखने के बाद में इसके बारे में सोचना भी मुश्किल है।''

## कमेंट्री की जगह बेटे के लिए कैडी की भूमिका निभा रहे हैं निखिल

**चोनबुरी (थाईलैंड)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और अब कमेंटेटर निखिल चोपड़ा को टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया में होना चाहिए था लेकिन इसके बजाय वह यहां एशिया पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में अपने बेटे के कैडी की भूमिका निभा रहे हैं। ए शि या पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप को युवा एमेच्योर गोल्फरों लिए महत्वपूर्ण प्रतियोगिता माना जाता है। इसलिए चोपड़ा ने कमेंट्री करने के बजाए अपने बेटे कृष्णव के साथ रहना उचित समझा। चोपड़ा ने कहा, ''यह उसके लिए बहुत बड़ा मौका है। एशिया पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप को एशिया में एमेच्योर के लिए महत्वपूर्ण प्रतियोगिता माना जाता है और जो इसे जीतता है के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। विजेता को ऑगस्टा ओपन में खेलने का मौका मिलता है।''

## एफआईएच प्रो लीग में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे हरमनप्रीत

भाषा ⏭ भुवनेश्वर



स्पेन और न्यूजीलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए हरमनप्रीत सिंह को मंगलवार को 22 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। मनप्रीत सिंह को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 28 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा और फिर 30 अक्टूबर को स्पेन से भिड़ेगा। भारतीय टीम अपने दूसरे मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ चार नवंबर और स्पेन के खिलाफ छह नवंबर को खेलेगी। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हमने टीम में अधिक से अधिक खिलाड़ियों का नेतृत्व कौशल निखारने का काम जारी रखा हुआ है और इसलिए हरमनप्रीत सिंह को पहले चार मैचों के लिए कप्तान नियुक्त किया गया है।'' टीम में मोहम्मद राहिल मौसीन और एस कार्ति के रूप में दो नए चेहरे भी शामिल है। रीड ने कहा,'' हमने प्रो लीग के पहले दो मैचों के लिए अनुभवी टीम का चयन किया है।'' टीम में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और पीआर श्रीजेश शामिल हैं। रक्षापंक्ति में जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मनदीप मोर और नीलम संजीव जेस को चुना गया है। सुमित, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल और मोहम्मद राहील मौसीन मध्यपंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## एक खिलाड़ी का प्रदर्शन विश्व चैम्पियन नहीं बना सकताः मदन लाल

**नई दिल्ली।** विराट कोहली की यादगार पारी के दम पर भारत ने पाकिस्तान को हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान को शानदार तरीके से शुरू किया लेकिन 1983 विश्व कप के भारतीय नायक मदन लाल ने कहा कि विश्व विजेता बनने के लिए टीम को एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं रहना चाहिये। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट मैदान में अपने दम पर रविवार को टीम को जीत दिलायी। उनकी 53 गेंद में नाबाद 82 रन की पारी को इस प्रारूप की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक माना जा रहा है। भारत के पूर्व कोच मदन लाल का मानना है कि भारत के सलामी बल्लेबाजों को एक ठोस शुरुआत देने की जरूरत है। लाल ने कहा, '' विराट कोहली की पारी अद्भुत थी। मैंने कभी ऐसी पारी नहीं देखी लेकिन वह आपको हर मैच नहीं जीतने वाले हैं। यह काफी बड़ा टूर्नामेंट है। इसे एक व्यक्ति द्वारा नहीं जीता जा सकता है।'' उन्होंने कहा, '' ऑस्ट्रेलियाई पिचें कोहली के खेल के अनुकूल हैं। वह बीच-बीच में गेंद को सीमा रेखा के पार भेजने के साथ बड़े मैदानों का शानदार तरीके से इस्तेमाल कर एक, दो और तीन रन दौड़कर चुराता है।

## भारत ने सुलतान जोहोर कप में जापान को 5-1 से हराया

भाषा ⏭ जोहोर



भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां जापान को 5-1 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में फिर से जीत की राह पकड़ी। भारत के लिए कप्तान उत्तम सिंह (तीसरे मिनट), रोहित (12वें), जॉनसन पुर्टी (21वें), बॉबी सिंह धामी (31वें) और अमनदीप लकड़ा (51वें) ने गोल किए जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल इकुमी साकी (15वें) ने किया।

देर से शुरू हुए मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने जल्द ही अपना दबदबा बना दिया और जापान को शुरू से ही दबाव में रखा। भारत को इसका फायदा मिला और उसने 12 मिनट के अंदर ही 2-0 से बढ़त हासिल कर ली। उत्तम ने तीसरे मिनट में ही जापानी गोलकीपर को छका कर भारत को बढ़त दिलाई जबकि रोहित ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। साकी ने 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने शुरू में हमलावर तेवर अपनाए लेकिन इसका फायदा भारत को मिला जब जॉनसन पुर्टी ने गोल दागा। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत भी शानदार तरीके से की और बॉबी सिंह ने जल्द ही टीम के खाते में चौथा गोल जोड़ दिया। भारत ने इसके बाद भी दबाव बनाए रखा और चौथे क्वार्टर में भी एक गोल करके अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

## रंकीरेड्डी और चिराग की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में



**अन्य भारतीय हारे**

भाषा ⏭ पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव को 19-21, 21-9, 21-13 से हराया।

हालांकि राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी मंगलवार को यहां सीधे गेम में हार कर बाहर हो गई। त्रीसा और गायत्री को थाईलैंड की जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजाई की छठी वरीयता प्राप्त से 21-23 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी जापान के क्योहेई यामाशिता और नारू शिनोया से 13-21, 16-21 से हारकर पहले दौर में बाहर हो गई।

## पीवी सिंधू की शीर्ष पांच में वापसी

### प्रणय नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचे

भाषा ⏭ नई दिल्ली



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा रहे एचएस प्रणय मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की विश्व रैंकिंग में महिला और पुरुष एकल में एक-एक स्थान के फायदे के साथ क्रमशः पांचवें और 12वें स्थान पर पहुंच गए। अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान टखने में लीग चोट के कारण तब से प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से दूर सिंधू के 26 टूर्नामेंट में 87218 अंक हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की पूर्व खिलाड़ी सिंधू ने तीन साल बाद शीर्ष पांच में दोबारा जगह बनाई है। हैदराबाद की रहने वाली पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने चोट से उबरने बाद सोमवार को दोबारा ट्रेनिंग शुरू की। पुरुष एकल में प्रणल ने डेनमार्क ओपन 750 टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के बाद से रैंकिंग में आगे बढ़ना जारी रखा है। रेस टू ग्वांग्झू रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे 30 साल के प्रणय के 26 टूर्नामेंट में 64330 अंक हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता किदांबी श्रीकांत क्रमशः आठवें और 11वें नंबर पर बने हुए हैं। बर्मिंघम खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी भी आठवें स्थान पर बरकरार है। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला पुरुष युगल रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी तथा इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी क्रमशः 27वें और 29वें स्थान के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे।

## इनामदार के शानदार खेल से पुणेरी ने जयपुर को हराया

भाषा ⏭ बेंगलुरू

पुणेरी पल्टन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स को 32-24 से हराया।

पुणे की जीत के नायक असलम इनामदार रहे जिन्होंने 13 अंक बनाए जो दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर साबित हुआ। पुणे की टीम ने पहले हाफ के आखिरी क्षणों पहला ऑल आउट हासिल किया जिससे वह मध्यांतर तक 17-11 से आगे था। उसने दूसरे हाफ में भी दबदबा बनाए रखा और आसान जीत दर्ज की।

## जहीर ने भारत के लिए जो किया वही अर्शदीप कर सकता हैः कुंबले

भाषा ⏭ नई दिल्ली

पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भारत के लिए वही भूमिका निभा सकते हैं जो एक जमाने में जहीर खान निभाया करते थे। अर्शदीप ने इस साल के शुरू में भारत की तरफ से पदार्पण करने के बाद कुछ मैचों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इनमें पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को खेला गया टी20 विश्व कप का मैच भी शामिल है जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए थे। कुंबले ने पंजाब किंग्स का कोच रहते हुए अर्शदीप को करीब से परखा है और वह उनसे काफी प्रभावित हैं। कुंबले ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के एक कार्यक्रम में कहा,'' अर्शदीप निश्चित तौर पर परिपक्व हो गया है और मैं चाहता हूं कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखे। उसमें वही सब कुछ करने की क्षमता है जो जहीर खान ने भारत के लिए किया था।'' उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि अर्शदीप भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करें।

### भारतीय नेताओं ने सुनक को दी बधाई, कहा-भारत के लिए गौरवशाली पल

# ब्रिटेन में भारतवंशी ने रचा इतिहास



## सोशल मीडिया में भी छाए

**लंदन/नई दिल्ली(एजेंसी)।** ऋषि सुनक यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बन गए हैं। गवर्निंग कंजरवेटिव पार्टी के नए नेता के रूप में निर्विरोध चुने जाने के बाद ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री के रूप में इतिहास रच दिया। उधर सोशल मीडिया पर भी छाए रहे। सोशल मीडिया पर यूजर्स कई तरह से ऋषि को बधाई दे रहे हैं। कहा जा रहा है कि ऋषि के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने से भारत को का फी फायदा होगा। भारतीय मूल के ऋषि सुनक के दिवाली के दिन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत के कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों और राजनीतिक नेताओं ने उन्हें बधाई दी तथा इसे भारत के लिए गौरवशाली क्षण बताया। भारत की विभिन्न हस्तियों ने भारतीय मूल के ऋषि सुनक को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री चुने जाने पर अपनी खुशी जाहिर की। सुनक के प्रधानमंत्री बनने की घोषणा होने के साथ ही देशभर में खुशियां मनाई जाने लगी थी। युनाइटेड किंग्डम के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने भारतीय मूल और हिंदू पृष्ठभूमि को खुलकर जाहिर किया है और यही वजह है कि भारत में भी उनके इस पद पर पहुंचने को पूरे जश्न के साथ मनाया जा रहा है। सुनक की शादी बेंगलुरु में रहने वाले इंफोसिस के संस्थापक एन. आर. नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति से हुई है। ऐसे में 'बेंगलुरु के दामाद' कहे जाते हैं सुनक।

## अब भारत-ब्रिटेन के रिश्ते बदलेंगे!

नई दिल्ली। 42 साल के भारतवंशी ऋषि सुनक ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। सुनक ने आज बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स से मुलाकात की। किंग ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। ऋषि का नाता भारत से है। ऐसे में ऋषि के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने पर भारत में भी जश्न मनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स कई तरह से ऋषि को बधाई दे रहे हैं। वहीं लोग यह भी कह रहे हैं कि ऋषि के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने से भारत को काफी फायदा होगा। वहीं विशेषज्ञ यह भी कह रहे हैं कि ऋषि भले ही भारतीय मूल के हैं, लेकिन अब वो ब्रिटेन के नागरिक हैं और ब्रिटेन के ही लीडर हैं। ऐसे में ये बात बिल्कुल याद रखना चाहिए कि ऋषि आने वाले समय में जो भी फैसला लेंगे वो अपने देश यानी ब्रिटेन और ब्रिटेन के नागरिकों के हितों को ख्याल में रखते हुए लेंगे। भले ही वो मुद्दा भारत से ही जुड़ा क्यों न हो।'



### वीजा नियम होंगे सरल!

भले ही सीधे तौर पर सुनक भारतीयों को फायदा न पहुंचा सकें, लेकिन अप्रत्यक्ष तौर पर जरूर वह मदद कर सकते हैं। अभी बड़ी संख्या में भारतीय ब्रिटेन में पढ़ाई करने और काम करने के लिए जाते हैं। उन्हें सख्त वीजा नियमों का सामना करना पड़ता है। ऋषि के प्रधानमंत्री रहते हुए वीजा नियमों में बदलाव ला सकते हैं।

### एफटीए वार्ता को रफ्तार

सुनक का ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनना दोनों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता को जरूरी रफ्तार देने में मदद करेगा। इससे पहले भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए समझौते के लिए समयसीमा दीपावली तक रखी गई थी। लेकिन ब्रिटेन में राजनीतिक अस्थिरता के बीच यह समयसीमा पार हो चुकी है।

### सुनक वाली पोस्ट पर चिंदबरम-थरूर पर भड़की कांग्रेस, जयराम रमेश ने झिड़का

## भारत को किसी दूसरे देश से सबक लेने की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस ने अपने साथियों चिदंबरम और शशि थरूर को आड़े हाथों लिया। दोनों ने ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर इसकी सराहना की थी। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भारत भी अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तियों को शीर्ष पद देने की इस परंपरा का अनुसरण करेगा। इस पर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने दोनों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के कई व्यक्ति राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री बने। ऐसे में भारत को किसी से सबक लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह देश अनेकता में एकता की मिसाल रहा है।

### राजनीतिक लाभ की कोशिशः भाजपा

भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री चुने जाने को भारत में कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा कथित बहुसंख्यकवाद और विभाजनकारी राजनीति से जोड़े जाने पर भाजपा ने ऐतराज जताया। भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि और उन्हें राष्ट्रपति के रूप में कलाम और प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह के कार्यकाल की याद दिलाई। कई अल्पसंख्यक न्यायिक और सशस्त्र बलों में शीर्ष पदों पर रहे।

### सुनक की जीत मील का पत्थर: ब्राइडेन



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री चुने जाने को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा- सुनक का ब्रिटिश पीएम बनना बहुत ही आश्चर्यजनक और मील का पत्थर है। बाइडेन ने ये बात 24 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में आयोजित दिवाली समारोह के दौरान कही।

### पीएम चुने जाने पर गर्व: नारायण मूर्ति



इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने अपने दामाद ऋषि सुनक को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनाए जाने पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमें उन पर गर्व है और हम उनकी सफलता की कामना करते हैं।" सुनक (42) ने रविवार को कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व पद की दौड़ में जीत हासिल की।

### कौन हैं सुनक

#### साउथेम्प्टन में 1980 को हुआ जन्म

ऋषि का जन्म दक्षिण पूर्व इंग्लैंड के हैम्पशायर के साउथेम्प्टन में 12 मई, 1980 को हुआ था।

उनके भारतीय माता-पिता 1960 में पूर्वी अफ्रीका से यहां आकर बसे थे। उनके पिता एक सामान्य चिकित्सक थे, जबकि मां एक फार्मासिस्ट थीं। सुनक तीन भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं। सुनक की पढ़ाई विंचेस्टर कॉलेज से हुई और बाद में उन्होंने ऑक्सफोर्ड के लिंकन कॉलेज से दर्शनशास्त्र और अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। उन्होंने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए भी किया है।

### राजनीतिक पारी

#### 2014 में रखा राजनीति में कदम

सुनक ने 2014 में राजनीति में कदम रखा था। उन्हें रिचमंड (यार्क) के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुना गया था।

उस साल उन्होंने पालिसी एक्सचेंज की ब्लैक एंड माइनॉरिटी एथनिक (बीएमई) रिसर्च यूनिट का नेतृत्व किया और यूनाइटेड किंगडम में बीएमई समुदायों पर एक रिपोर्ट का सह-लेखन किया था।

इसके बाद साल 2015 के आम चुनावों में उन्हें रिचमंड (यार्क) से सांसद के रूप में चुना गया था।



### भारत से रिश्ते

#### दादा-दादी पंजाब के रहने वाले थे

ऋषि सुनक का जन्म 12 मई 1980 को ब्रिटेन के साउथेम्पटन में हुआ था। उनकी मां का नाम ऊषा सुनक और पिता का नाम यशवीर सुनक था। वह तीन भाई बहनों में सबसे बड़े हैं। उनके दादा-दादी पंजाब के रहने वाले थे। 1960 में वह अपने बच्चों के साथ पूर्वी अफ्रीका चले गए थे। बाद में यहीं से उनका परिवार इंग्लैंड शिफ्ट हो गया। तब से सुनक का पूरा परिवार इंग्लैंड में ही रहता है। ऋषि ने भारत के बड़े उद्योगपतियों में शुमार इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति से शादी की है। सुनक और अक्षता की दो बेटियां हैं। उनकी बेटियों के नाम अनुष्का सुनक और कृष्णा सुनक है।

#### कहे जाते हैं 'बेंगलुरु के दामाद'

ऋषि सुनक की शुरुआती पढ़ाई इंग्लैंड के 'विनचेस्टर कॉलेज' से हुई है। आगे की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड से की है। ऋषि सुनक की अक्षता मूर्ति से मुलाकात एमबीए की पढ़ाई के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में हुई थी। पढ़ाई के दौरान ही दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे थे। 2009 में दोनों की शादी बेंगलुरु में भारतीय रीति-रिवाज से हुई। ऐसे में 'बेंगलुरु के दामाद' भी कहते हैं। अक्षता इंग्लैंड में अपना फैशन ब्रैंड भी चलाती हैं। आज की तारीख में वह इंग्लैंड की सबसे अमीर महिलाओं में से एक हैं।

---

### उप्रः दुष्कर्म की आशंका

## सरकारी गेस्ट हाउस परिसर में खून से लथपथ मिली लड़की

**कन्नौज (उत्तर प्रदेश) (भाषा)।** कन्नौज जिले के तिर्वा क्षेत्र में गुल्लक खरीदने गई 12 साल की लड़की एक सरकारी गेस्ट हाउस परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ हालत में पाई गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कुमार अनुपम सिंह ने मंगलवार को बताया कि तिर्वा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की पिछले रविवार को गुल्लक खरीदने के लिए घर से निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी। इस पर उसके परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि तिर्वा क्षेत्र में स्थित एक सरकारी गेस्ट हाउस के गार्ड ने रविवार रात लड़की को खून से लथपथ हालत में तड़पते देखा तो उसने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी प्रभारी मनोज पांडे ने लड़की को फौरन अस्पताल पहुंचाया।

## जातीय समूह के समारोह के दौरान म्यांमा की सेना के हवाई हमलों में 80 लोगों की मौत

बैंकॉक। म्यांमार की सेना द्वारा किए गए हवाई हमलों में गायकों और संगीतकारों सहित 80 से अधिक लोग मारे गए, जो काचिन जातीय अल्पसंख्यक समूह के मुख्य राजनीतिक संगठन के एक वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए थे। समूह के सदस्यों और एक बचावकर्मी ने सोमवार को यह जानकारी दी। काचिन कला संघ के एक प्रवक्ता ने बताया कि रविवार रात हुए हवाई हमले में 80 लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 100 अन्य घायल हो



गये। उन्होंने बताया कि समारोह स्थल पर सैन्य विमान से चार बम गिराए गए थे। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब तीन दिन बाद दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के विदेश मंत्री म्यांमा में व्यापक हिंसा पर चर्चा करने के लिए इंडोनेशिया में एक विशेष बैठक करने वाले हैं। पिछले साल फरवरी में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद रविवार रात को आयोजित समारोह में हुए हवाई हमले में पहली बार एक ही हमले में इतनी अधिक संख्या में लोगों की मौत का मामला सामने आया है। घटना के विवरण की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना असंभव है। हालांकि, काचिन के प्रति सहानुभूति रखने वाले मीडिया द्वारा साझा किए गए वीडियो में हमले के बाद के भयानक मंजर को दिखाया गया है। सैन्य सरकार के सूचना कार्यालय ने सोमवार देर रात एक बयान में पुष्टि की कि काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी की 9वीं ब्रिगेड के मुख्यालय पर हमला किया गया था, इसे काचिन समूह द्वारा किए गए ''आतंकवादी'' कृत्यों के जवाब में एक ''आवश्यक ऑपरेशन'' कहा गया।

### केन्या में लापता दो भारतीयों को ढूंढने की कवायद तेज

## भारतीय उच्चायोग ने राष्ट्रपति से की बातचीत

⏭ नई दिल्ली

केन्या में पिछले करीब चार महीने से लापता दो भारतीय नागरिकों के मामले में बीते सोमवार को विदेश मंत्रालय ने प्रतक्रियि दी है। जिसमें मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है कि हम दो लापता भारतीयों जुल्फिकार अहमद खान और जायद सामी किदवई का पता लगाने के लिए केन्या की सरकार के साथ नियमित रूप से संपर्क में हैं। नैरोबी में हमारी उच्चायुक्त नामग्या खाम्पा ने 24 अक्टूबर को वहां के राष्ट्रपति विलियम सामोई रुटो से भेंट की और उन्हें हमारी चिंताओं से अवगत कराया है। इसके अलावा इस मामले की तेजी से जांच कराने का आग्रह भी किया है। बागची ने ये भी कहा कि नई दल्लिी में केन्या के उच्चायुक्त को 23 अक्टूबर को मंत्रालय बुलाया गया था और उन्हें हमारी चिंताओं से के बारे में जानकारी दी गई थी। केन्या में हमारा उच्चायोग दोनों लापता भारतीयों के परिवारों के संपर्क में है और उन्हें सहयोग दे रहा है। इस मामले की केन्या पुलिस की विदेश मामलों की इकाई सक्रियता से जांच कर रही है। यहां बता दें कि इससे पहले केन्या के राष्ट्रपति के एक करीबी ने दावा किया था कि पिछले चार महीने से लापता दो भारतीयों को डीसीआई की इकाई ने मार दिया है। इनमें से एक जुल्फिकार खान हैं जो बालाजी टेलिफलम्सि के पूर्व सीओओ थे। जुल्फिकार और उनके दोस्त को ढूंढने के लिए फिल्म निर्देशक एकता कपूर और परिवार वाले भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मदद मांग चुके हैं।

### संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में लिया निर्णय

## किसान 26 को करेंगे देशभर में राजभवन मार्च

⏭ नई दिल्ली

संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से देश भर में राजभवन मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह मार्च किसान आंदोलन की याद में 26 नवंबर को होगा। मंगलवार को मोर्चा की संयोजन समिति एवं ड्राफ्टिंग कमेटी की ऑनलाइन बैठक संपन्न हुई। बैठक में हन्नान मोल्ला, डॉ. दर्शन पाल, युद्धवीर सिंह, मेधा पाटकर, राजाराम सिंह, अतुल अंजान, सत्यवान, डॉ. अशोक ढवले, अविक साहा, सुखदेव सिंह, रमन्दिर सिंह विकास शिशिर एवं डॉ. सुनीलम शामिल हुए। इस बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर सभी राज्यों की राजधानियों में किसानों का राजभवन मार्च करने का नर्णिय लिया गया। किसान नेताओं ने बताया कि विभन्नि राज्यों में राजभवन मार्च की तैयारियां जारी है तथा सभी राज्यों में किसान संगठनों की तैयारी बैठकें की जा रही हैं। किसान नेता डॉ दर्शन पाल की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि राजभवन मार्च की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 14 नवंबर को दल्लिी में संयुक्त किसान मोर्चा से जुडे सभी संघटनो की मीटिंग आयोजित की जाएगी। जिसमें राज्यपाल को दिए जाने वाले ज्ञापन के मुद्दों को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े सभी किसान संगठनों द्वारा 14 नवंबर की बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के कार्य-दिशा नर्दिेशिका को भी अंतिम रूप दिया जाएगा।

## इंडोनेशिया में नौका में आग लगने से 14 लोगों की मौत

**जकार्ता (एपी)।** इंडोनेशिया में 240 यात्रियों को लेकर जा रही नौका में सोमवार को आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। बचाव दल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'केएम एक्सप्रेस कैंटिका 77' पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत के कुपांग से कलाबाही की ओर जा रही थी और इसी दौरान इसमें आग लग गई। नौका पर 230 यात्री और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे।अधिकारियों ने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय तलाश एवं बचाव एजेंसी ने एक बयान में कहा कि बचाव दल के सदस्यों और आसपास की नौकाओं की मदद से 226 लोगों को बचाने में सफलता मिली। 17,000 से अधिक द्वीपों के द्वीपसमूह इंडोनेशिया में नौका दुर्घटनाएं आम हैं, जहां परिवहन के लिए जलमार्ग का उपयोग किया जाता है और सुरक्षा लचर है।

## बांग्ला फिल्म निर्देशक पिनाकी चौधरी का 82 साल की उम्र में निधन

**कोलकाता,** (भाषा) राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं बांग्ला फिल्म निर्देशक पिनाकी चौधरी का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी।पिनाकी ने कोलकाता स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 82 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। वह कैंसर से पीड़ित थे और एक महीने पहले उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें तीन दिन पहले अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी क्योंकि चिकित्सकों ने उन्हें जीवन के अंतिम दिनों में उनके आवास पर ले जाने का सुझाव दिया था। पिनाकी चौधरी की कला और संगीत में रुचि थी और उन्होंने 1983 में सिनेमा की दुनिया में कदम रखा, जब उन्होंने 'चेना अचेना' (ज्ञात और अज्ञात) फिल्म का निर्देशन किया, जिसमें सौमित्र चटर्जी, अमोल पालेकर, तनुजा, छाया देवी जैसे कलाकारों ने काम किया था। उन्हें 1996 में 'शंघाथ' (संघर्ष) के लिए और 2007 में 'बल्लीगंज कोर्ट' के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले थे।

## वैटिकन में पोप-राष्ट्रपति मैक्रों के बीच वार्ता

**रोम(एपी)।** पोप फ्रांसिस ने सोमवार को फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से भेंट की। दोनों नेताओं के लिए यूक्रेन में चल रही लड़ाई चिंता का विषय है। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक वार्ता चली। फ्रांसिस के पोप बनने के बाद मैक्रों से उनकी यह तीसरी मुलाकात है। किसी भी पक्ष ने इस बातचीत का ब्योरा जारी नहीं किया है। इस भेंटवार्ता से पूर्व मैक्रों ने संवाददाता सम्मेलन में रूस के साथ संघर्षविराम एवं शांति कायम करने के समय एवं शर्तों के बारे में निर्णय लेने की यूक्रेन की जरूरत के बारे में चर्चा की।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान चुनाव लड़ सकते हैंः आईएचसी

इस्लामाबाद, (भाषा) एक पाकिस्तानी अदालत ने सोमवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भविष्य में चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है। देश के शीर्ष चुनाव निकाय की ओर से इमरान खान को अयोग्य ठहराने के मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने अपनी संपत्ति छिपाने से जुड़े तोशखाना मामले में 70 वर्षीय खान को शुक्रवार को अयोग्य घोषित कर दिया था। अगले दिन इमरान ने ईसीपी के फैसले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में चुनौती दी।

### मौसम | 2.19 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

## बांग्लादेश में 'सितरंग' का कहर, चक्रवाती तूफान से चौबीस की मौत, तटीय इलाकों में भारी तबाही

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश में 'सितरंग' तूफान ने कहर बरपाया है। चक्रवाती तूफान से 24 लोगों की मौत हो गई। तूफान ने तटीय इलाकों में भारी तबाही मचाई है। चक्रवात 'सितरंग' के कारण बांग्लादेश में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों और मीडिया में आई खबरों से मंगलवार को यह जानकारी मिली। बंगाल की खाड़ी में बने ऊष्णकटिबंधीय चक्रवात 'सितरंग' के बांग्लादेश के तट की



ओर बढ़ने से पहले अधिकारियों को सोमवार को हजारों लोगों को सुरक्षित आश्रयों में पहुंचाना पड़ा था। बांग्लादेश में सोमवार को 2.19 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया क्योंकि चक्रवात सितरंग देश के दक्षिण-पश्चिमी तट के करीब पहुंच गया है और आधी रात के करीब इसके दस्तक देने की संभावना है। यह जानकारी आपदा प्रबंधन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद मोनिरुज्जमां ने कहा कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने 6,925 आश्रय केंद्रों को तैयार रखा है, जहां चक्रवात के खतरों से प्रभावित व्यक्ति शरण ले सकेंगे।

### तूफान रोजलिन मेक्सिको के तट से टकराया

**मेक्सिको सिटी।** तूफान 'रोजलिन' रविवार की सुबह प्यूर्टो वालार्टा और मजातलान के रिजॉर्ट के बीच मेक्सिको के प्रशांत तट से एक कम आबादी वाले हिस्से में टकराया और फिर इसकी तीव्रता कम हो गई। यह देश के भीतरी हिस्सों की ओर बढ़ गया। रविवार की रात तक 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर ने कहा कि रोजलिन उत्तरी शहर मॉन्टेरी से लगभग 80 किमी पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में अवस्थित था।

### व्हाइट हाउस में दिवाली समारोह



## जो बाइडन ने बच्चों को रोशनी का प्रतीक बताया

**वाशिंगटन (भाषा)।** व्हाइट हाउस में इस साल दिवाली समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंच पर दो बच्चों को आमंत्रित किया और उन्हें "रोशनी का प्रतीक" बताया, जो समारोह में उपस्थित लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। व्हाइट हाउस ने बाद में कहा कि दिवाली समारोह में देश भर से भारतीय समुदाय के करीब 200 सदस्यों के साथ सांसद रो खन्ना के बच्चे सोरेन और जारा भी शामिल हुए। बाइडन ने कहा कि "ये मेरी उम्मीद की किरण हैं।" सोरेन-जारा को मंच पर आमंत्रित करने से हैरान दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बाइडन ने पूछा, "(सोरेन और जारा) आप लोग कैसे हैं? क्या हाल है? आप यहां आना चाहते हैं? आप ऊपर आना चाहते हैं? आप आ सकते हैं।" उन्होंने अपने एक सहयोगी से उन्हें मंच पर लाने में मदद करने को कहा। बाइडन ने कहा, "ये मेरी उम्मीद की किरण हैं।" खन्ना ने स्वागत समारोह के बाद पीटीआई-भाषा से कहा, "यह एक अभूतपूर्व सम्मान की बात थी कि उन्हें व्हाइट हाउस में पहले बड़े दिवाली उत्सव और समारोह में राष्ट्रपति ने मंच पर बुलाया और वे 25 मिनट तक मंच पर रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) सहायक सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)।** इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।